
# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शनिवार
07 जून 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 99 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## पीएम मोदी ने चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज देश को समर्पित किया

# एफिल टावर नहीं, अब चिनाब ब्रिज नया पर्यटन स्थल', आतंकियों को कड़ा संदेश भी: पीएम मोदी

जम्मू । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इसे भारत की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 46,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में विकास की नई रफ्तार लाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटरा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से आज वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गई है।

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन परियोजनाएं, ये सिर्फ नाम नहीं हैं, ये जम्मू कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान हैं। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है। थोड़ी देर



पहले मुझे चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज का लोकार्पण करने का अवसर मिला है। आज ही दो नई वंदे भारत ट्रेनें जम्मू कश्मीर को मिली है। जम्मू में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ है। 46,000 करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं जम्मू और कश्मीर के विकास को नई गति देंगे।

ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। रास्ते में आने जाने की मुश्किलें, मौसम की परेशानी, लगातार पहाड़ों से गिरते पत्थर... ये प्रोजेक्ट पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है।

चिनाब ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। ये ब्रिज, एफिल टावर से भी उंचा है। अब लोग चिनाब ब्रिज के जरिए कश्मीर देखने तो जाएंगे ही, साथ ही ये ब्रिज भी अपने आप में एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा।

एफिल टावर नहीं अब चिनाब ब्रिज बनेगा नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों का सपना साकार हुआ है। ये सिर्फ पुल नहीं, भारत के फौलादी इरादों और इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भी एक हकीकत है कि जितने भी अच्छे काम हैं, वे मेरे लिए ही बचे रहते हैं। यह हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट को हमने अपने कार्यकाल में रफ्तार दी और इसे पूरा कर दिखाया। शेष पेज 2 पर

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली पुलिस को जान से मारने की धमकी के बारे में जानकारी दी। कॉल करने वाले का फोन फिलहाल बंद है और इस मामले की जांच चल रही है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुरुवार (5 जून) को पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को कॉल करके जान से मारने की धमकी दी गई। पीसीआर कॉल रात करीब 11:00 बजे गाजियाबाद पुलिस को की गई। गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली पुलिस को जान से मारने की धमकी के बारे में जानकारी दी। कॉल करने वाले का फोन फिलहाल बंद है और इस मामले की जांच चल रही है। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने शहर के सभी स्कूलों में वाटर वेंडिंग मशीनें लगाने का फैसला किया है। उन्होंने अपने शालीमार बाग निर्वाचन क्षेत्र में जल मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ एक स्थानीय सरकारी स्कूल के दौरे के दौरान वाटर एटीएम का उद्घाटन किया।

शेष पेज 2 पर

## डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है'... सचिन पायलट



अलबर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिकारी हावी हैं और मनमर्जी से काम होता है।

राजस्थान में भाजपा सरकार के दो साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में जहां बीजेपी अपनी तारीफों के पुल बांध रही हैं वहीं विपक्ष राज्य सरकार की कमियां गिना रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार प्रशासन पर अपनी पकड़ खो चुकी है और सत्ता के कई केंद्र इसकी बागडोर अपने हाथ में ले रहे हैं। शेष पेज 2 पर

## बकरीद पर न हो बवाल: यूपी में सुरक्षा कड़ी, सड़क पर नहीं होगी नमाज, खुले में कुबार्नी पर रोक

मेरठ । शांतिपूर्वक नमाज के लिए चारों जिलों में आठ एएसपी, 25 सीओ, 95 इंस्पेक्टर, 820 दरोगा, 1250 हेड कांस्टेबल, 1635 कांस्टेबल, 1005 होमगार्ड व पीआरडी के जवान और दो कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है।

ईद-उल-अजहा पर्व पर रेंज के जिले मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में 487 ईदगाह और 981 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि मेरठ में 164 ईदगाह व 515 मस्जिद, बुलंदशहर में 171 ईदगाह व 213 मस्जिद, बागपत में 68 ईदगाह व 205 मस्जिद



और हापुड़ में 84 ईदगाह व 48 मस्जिदों में नमाज होगी।

**84 स्थल संवेदनशील चिह्नित-**


84 स्थल संवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। जनपद मेरठ में 21, बुलंदशहर में 43, बागपत में पांचे और हापुड़ में 15 स्थान संवेदनशील श्रेणी के हैं। चारों जनपदों को 27 जोन और 100 सेक्टर में बांटा गया है। 49 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) लगाई गई है।

शेष पेज 2 पर

## देश में 15 दिन में 20 गुना हुए कोरोना के सक्रिय केस, आंकड़ा 5000 के पार

नई दिल्ली । Covid-19 उंरीर क्ल्ल क्ल्र्िः कोरोना की नई लहर में बढ़ते मामले भारत में भी चिंता बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को कोविड के कुल सक्रिय मामले 4866 थे, जो शुक्रवार को बढ़कर 5364 हो गए हैं। केरल अब भी सबसे अधिक मामलों (1679) वाला राज्य है, इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596 और दिल्ली में 592 कोविड के सक्रिय मामले हैं।

देश में कोरोना के सक्रिय मामले 5000 के पार पहुंच गए हैं। 22 मई को यह आंकड़ा 275 था। ऐसे में बीते 15 दिन में कोरोना के सक्रिय मामले 20 गुना हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में सक्रिय कोरोना मामलों में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली



का नंबर आता है।

**राज्यों को दिए गए अहम निर्देश**^मामलों में वृद्धि को देखते हुए केंद्र कोरोना के लिए तैयारियों की जांच करने के लिए मॉक ड्रिल कर रहा है। सभी राज्यों को कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। भारत में 5,364 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटों में चार नई मौतें दर्ज की गई हैं।

**जनवरी से अब तक देश में कुल 55 मौतें**

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश मामले हल्के या बिना लक्षणों वाले हैं। इनका इलाज घर बैठे ही किया जा सकता है, बस खुद को आइसोलेट करने की जरूरत है, ताकि दूसरों तक यह न फैले। कोरोना की वजह से इस साल जनवरी से अब तक देश में कुल 55 मौतें हुई हैं। 22 मई को देश में कुल 257 सक्रिय मरीज थे।

शेष पेज 2 पर

## क्या फ्रंट फुट पर खेलने की कर रहे कोशिश चिराग ?

पटना। चिराग पासवान की पार्टी के सांसद अरुण भारती ने जिस तरीके से एक्स पर कई बातें लिखी, उससे तो साफ तौर पर ऐसा ही लग रहा है कि चिराग पासवान की पार्टी हर हाल में उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। लेकिन चिराग पासवान इस बात का दम भी भर रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तैयारी में लगे हुए हैं। हालांकि, बिहार चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को लेकर जबरदस्त तरीके से चर्चा है। और केंद्र में मंत्री होने के बावजूद भी चिराग पासवान की पार्टी की ओर से इस बात का ऐलान कर दिया गया है कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं, पार्टी ने तो यह भी कह दिया है कि वह किसी जनरल सीट से चुनाव लड़ेंगे।

शेष पेज 2 पर

## 'मोदी को सरेंडर करने की आदत, बिहार में बोले राहुल गांधी, असली जातिगत जनगणना नहीं करवाएगी भाजपा सरकार



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कभी भी असली जातिगत जनगणना नहीं करवाएगी, क्योंकि जिस दिन इन्होंने असली जातिगत जनगणना कर ली, उस दिन इनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं- एक इखढ वाला मॉडल, दूसरा तेलंगाना का मॉडल।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक रणनीतिक कदम उठाते हुए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को गया जिले के दशरथ नगर गांव का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, गांधी ने दशरथ मांझी के परिवार से मुलाकात की, जो गेहलौर गांव में एक पहाड़ को काटकर रास्ता बनाने के अपने उल्लेखनीय प्रयास के लिए प्रसिद्ध हैं। गांधी का दशरथ के बेटे भागीरथ मांझी ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जिन्होंने पारंपरिक आतिथ्य के साथ उनका स्वागत किया।

शेष पेज 2 पर

## स्टारलिंक को भारत में भी मिला लाइसेंस, 15 दिन में शुरू होगा ट्रायल

### गली-गली में पहुंचेगा इंटरनेट

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) ने सैटकॉम कंपनियों के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन की सिफारिश की है, लेकिन ऊ्ननळ ने इन सिफारिशों को अभी तक मंजूरी नहीं दी है। ळफ्अक ने यह भी सिफारिश की है कि सैटकॉम कंपनियों से अत्र्क्र (एजजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) का 4% शुल्क लिया जाए।

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (ऊ्ननळ) ने एलन मस्क की कंपनी र३ं१ⵢल्ल' को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन (रं३उङ्के) सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी




कर दिया है, हालांकि इसकी जानकारी फिलहाल पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दी है। सरकार या स्टारलिंक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्टारलिंक को लाइसेंस मिल गया है और कहा कि आवेदन करने के 15-20 दिनों के भीतर उन्हें परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान कर दिया जाएगा। र३ं१ⵢल्ल' को भारत में ब्रॉडबैंड और सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की हरी झंडी मिल गई है। यह मंजूरी भारत के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने में मदद कर सकती है।


शेष पेज 2 पर

### पाकिस्तान के पत्र ■ मोदी जी प्लीज फैसले पर फिर से सोच लो!

## सिंधु नदी का पानी बंद होने के बाद पाकिस्तान भारत को भेज चुका है 4 चिट्ठियां, इनमें से 3 ऑपरेशन सिंदूर के बाद

नई दिल्ली। भारत ने सिंधु नदी प्रणाली से संबंधित रणनीतिक जल अवसंरचना परियोजनाओं पर काम तेज कर दिया है। एक प्रमुख पहल 130 किलोमीटर लंबी नहर है जिसे ब्यास नदी को गंगा नहर से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका यमुना नदी तक प्रस्तावित विस्तार है।

पाकिस्तान ने अब तक सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के निलंबन पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत को चार पत्र भेजे हैं और भारत से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, भारत के जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान के जल मंत्रालय के सचिव



सैयद अली मुर्तजा को पत्र लिखा। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद का शिकार बना हुआ है। भारत ने आईडब्ल्यूटी में अपनी भागीदारी को निलंबित करने के अपने निर्णय को संप्रेषित करते हुए तकनीकी तर्कों के साथ-साथ इस संदर्भ का हवाला दिया। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ने आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर किया है, जो 1960 की संधि का आधार थी।

**पाकिस्तान के पत्र**

पहला पत्र मई की शुरूआत में ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले भेजा गया था। तब से मुर्तजा ने तीन अतिरिक्त अपीलें भेजी हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी पत्राचार जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से विदेश मंत्रालय को भेज दिए गए हैं। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया था कि व्यापार और आतंक, पानी और खून, गोली और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते।

**सिंधु जल संधि निलंबन से भारत को कैसे मदद मिली**-भारत ने सिंधु नदी प्रणाली से संबंधित रणनीतिक जल अवसंरचना परियोजनाओं पर काम तेज कर दिया है। शेष पेज 2 पर

# असम के विश्वनाथ जिले में दो आबकारी अधिकारियों की घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
असम। सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने आज शुक्रवार को विश्वनाथ जिले के आबकारी विभाग के दो अधिकारियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है । आरोपी उप अधीक्षक मर्मेश्वर दास और कांस्टेबल अभिजीत बरुआ को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा है । बाद में मर्मेश्वर दास के घर की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 2.63 लाख रुपये नकद बरामद किए। दिगंत बरा नाम का एक आदमी के द्वारा अपनी पत्नी के



नाम पर शराब की दुकान का लाइसेंस पाने के लिए दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया गया है । बरा ने आरोप लगाया कि लाइसेंस स्वीकृत होने के



बावजूद, अधिकारियों ने दुकान खोलने की अनुमति देने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसको बाद में घटाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया था ।

आबकारी विभाग के कार्यालय में जांच जारी है और फिलहाल दास और बरुआ दोनों से पूछताछ चल रही है। दिगंत बरा ने यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं था जब उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, उन्होंने कहा कि मर्मेश्वर दास ने पहले भी एक अन्य वाइन शॉप के लाइसेंस के मामले में उनसे पैसे और शराब की मांग किया था । आज दोनों आबकारी अधिकारी के गिरफ्तार के बाद शीघ्र ही इन दोनों के खिलाफ सचेत लोगों ने कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के लोग कुछ सर्वोच्च सवैधानिक पदों पर आसीनः न्यायमूर्ति गवई

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने कहा है कि हाशिए पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर आसीन हैं, जो डॉ. बी. आर. आंबेडकर के "समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व" के दृष्टिकोण के अनुरूप है। न्यायमूर्ति गवई ने लंदन के



ऐतिहासिक ह्यग्रेज इनह्न में बृहस्पतिवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान में संविधान के मुख्य वास्तुकार के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला। आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक (डॉ. आंबेडकर) की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके (सीजेआई के) खुद के करियर में भी इनका गहरा असर रहा है। सीजेआई ने कहा कि आंबेडकर की तरह ही हाशिये पर पड़े दलित सामाजिक पृष्ठभूमि वाले विभिन्न प्रतिनिधि आज देश के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर विराजमान हैं, जो बाबा साहब के भारतीय समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं।

# विद्यालयों मे बाउंसर तैनाती मामला: बच्चे सहानुभूति के हकदार, दंड के पात्र नहीं : रेखा गुप्ता।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को डराने के लिए विद्यालयों द्वारा बाउंसर की तैनाती की चिंताजनक खबरों के बीच शुक्रवार को कहा कि बच्चों को दंड की नहीं, बल्कि सहानुभूति की जरूरत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी चिंताजनक खबरें मिली हैं कि



विद्यालयों ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को डराने के लिए बाउंसर की तैनाती की है। शिक्षा एक अधिकार है, व्यवसाय नहीं। उन्होंने कहा, हमारे बच्चे सहानुभूति के पात्र हैं, दंड के नहीं। विद्यालयों को सीखने, मूल्यों और राष्ट्र निर्माण का स्थान बने रहना चाहिए। दिल्ली सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि वह निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी शुल्क वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 को लागू करने के लिए अध्यादेश लाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस संदर्भ में जारी पोस्ट से एक दिन पहले ही दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वारका को फीस विवाद के चलते अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई थी।

# भारतीय नौसेना के बेड़े में 18 जून को शामिल होगा पनडुब्बी-रोधी युद्धपोत अनार्ला

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 18 जून को विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट अनार्ला अपने बेड़े में शामिल करेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
युद्धपोत को बेड़े में शामिल करने से जुड़े समारोह की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे।



# पेज एक का शेष...

## एफिल टावर नहीं, अब चिनाब ब्रिज नया पर्यटन स्थल', आतंकियों को कड़ा संदेश भी: पीएम मोदी

बीच में कोविड का कालखंड और खराब मौसम जैसी चुनौतियां थीं, फिर भी हमारी सरकार ने चुनौती को चुनौती देने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में कई ऑल वेदर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं, जो इस संकल्प की मिसाल हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि कुछ समय पहले सोनमार्ग टनल शुरू हुई और आज उन्होंने खुद चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज से होकर यात्रा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पुलों पर चलते हुए मैंने भारत के इंजीनियरों, श्रमिकों के साहस और संकल्प को नमन किया है। चिनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है।

लोग फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर देखने जाते हैं, लेकिन अब यह ब्रिज एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह सिर्फ एक रेलवे पुल नहीं, बल्कि कश्मीर का नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी बनेगा। लोग यहां सेल्फी पॉइंट पर जाकर इंजीनियरिंग के इस अद्भुत नमूने को निहारेंगे। प्रधानमंत्री ने इसे भारत के विकास, संकल्प और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की नई पहचान बताते हुए कहा कि यह पुल आने वाले वर्षों में टूरिज्म, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार बनेगा।

जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकु- पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट है। ये मुकुट एक से बढ़कर एक खूबसूरत रत्नों से जड़ा हुआ है। ये अलगअलग रत्न, जम्मू कश्मीर का सामर्थ्य हैं। यहां की पुरातन संस्कृति, यहां के संस्कार, यहां की आध्यात्मिक चेतना, प्राकृति का सौंदर्य, यहां की जड़ी बूटियों का संसार, फलों और फूलों का विस्तार, यहां के युवाओं का कौशल... मुकुट मणि की तरह चमकता है। अब जब रेल कनेक्टिविटी जुड़ गई है, तो यह प्रतिभा देश-दुनिया में अपना स्थान बनाएगी। रेल प्रोजेक्ट के फायदे गिनाते हुए उन्होंने कहा कि चाहे चिनाब ब्रिज हो या अंजी ब्रिज, ये जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों की समृद्धि का जरिया बनेंगे। टूरिज्म बढ़ेगा ही, साथ में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। अब कश्मीर के उत्पाद कम लागत में देश के बड़े बाजारों तक पहुंच पाएंगे, समय पर पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर की रेल कनेक्टिविटी से व्यापारियों और उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। अब यहां के लोगों के लिए देश के दूसरे हिस्सों में आना-जाना भी आसान हो जाएगा। यह नया युग है, जहां विकास की सीटी हर गांव, हर घाटी में गूंजेगी।

जम्मू-कश्मीर शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति के क्षेत्र में बना रहा है नया कीर्तिमान - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें बार-बार जम्मू-कश्मीर आने और यहां के लोगों के सामर्थ्य को देखने का अवसर मिला है। मैंने यहां की ऊर्जा, उम्मीदें और मेहनत को नजदीक से महसूस किया है। यही वजह है कि मैं पूरे समर्पण भाव के साथ जम्मू-कश्मीर के विकास में जुटा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत की शिक्षा और संस्कृति का गौरव रहा है और आज यह ज्ञान की भूमि के रूप में फिर उभर रहा है। जम्मू और श्रीनगर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हैं, नीट, आईआईएम जैसे देश के श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान यहां हैं। आने वाले वर्षों में जम्मू-कश्मीर भारत के नॉलेज हब की भूमिका निभाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी छलांग- पीएम ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में दो स्टेट लेवल के कैंसर संस्थान बने हैं और पांच साल में सात नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं। एमबीबीएस की सीटें 500 से बढ़कर 1300 हो गई हैं, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि अब रियासी जिले को भी नया मेडिकल कॉलेज मिलने जा रहा है। इससे न सिर्फ इलाज की सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज—भारत की सांस्कृतिक शक्ति का उदाहरण

प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि दान-पुण्य और श्रद्धा की हमारी संस्कृति का प्रतीक है। इस मेडिकल कॉलेज की स्थापना में जो राशि लगी है, वह देश के कोने-कोने से माता के भक्तों द्वारा दान में दी गई है।उन्होंने बताया कि अस्पताल की क्षमता 300 बेड से बढ़ाकर अब 500 बेड की जा रही है। कटरा आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

## बकरीद पर न हो बवाल: यूपी में सुरक्षा कड़ी, सड़क पर नहीं होगी नमाज, खुले में कुबार्नी पर रोक

इन जिलों में तैनात रहेगी भारी फोर्स- शांतिपूर्वक नमाज के लिए चारों जिलों में आठ एएसपी, 25 सीओ, 95 इंस्पेक्टर, 820 दरोगा, 1250 हेड कांस्टेबल, 1635 कांस्टेबल, 1005 होमगार्ड व पीआरडी के जवान और दो कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। जिलों के कप्तानों को कानून व्यवस्था के मद्देनजर डीआईजी ने ईदगाह और सभी संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

खुले पर कुबार्नी पर रोक- डीआईजी ने कहा कि किसी भी प्रकार का कोई गैर परंपरागत कार्य न हो, इसके लिए थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज की जवाबदेही होगी। संरक्षित पशुओं की व खुले स्थानों पर कुबार्नी न हो इसके मद्देनजर विशेष सतर्कता बरती जाए। आवश्यकतानुसार सांप्रदायिक हॉटस्पाट पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पिकेट तैनात किए जाएं।

ड्रोन से भी रख जाएगी नजर- संवेदशील क्षेत्रों व मार्गों पर यूपी 112 के वाहनों का रूट मैप तैयार कर लिया जाए। महत्वपूर्ण गतिविधियों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का सीसीटीवी कैमरों से कवरेज सुनिश्चित किया जाए। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाए और अधिक से अधिक पैदल गश्त की जाए।

धार्मिक स्थलों की होगी नियमित चेकिंग- सभी सांप्रदायिक विवादों पर कड़ी नजर रखी जाए। जिलों के कप्तान धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखेंगे और धार्मिक स्थलों व आस-पास के क्षेत्रों में समुचित पुलिस बल तैनात करेंगे। सभी जनपदों में टीम गठित कर सुबह सभी धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग की जाए।

अफवाहों पर रहेगी कड़ी नजर- असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करके आवश्यकता पड़ने पर इन इनके विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। पिछले वर्षों में प्रकाश में आए सभी विवादों और घटनाओं की समीक्षा कर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। प्रत्येक मस्जिद में ईद-उल-अजहा की पूर्व रात्रि में सतर्क दृष्टि रखी जाए ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की अफवाहें मस्जिदों या उसके आस-पास न फैलाई जाए।

सोशल मीडिया सेल किए गए सतर्क- ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी मिश्रित एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। झूठी और भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर तत्काल उसका प्रभावी खंडन किया जाए। सभी जनपदों में सोशल मीडिया सेल को सतर्क किया जाए।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जान से मारने की धमकी

एक सभा को संबोधित करते हुए गुप्ता ने पिछली आप सरकार पर "अपने शिक्षा मॉडल का बखान करने" का आरोप लगाया और उस पर लाखों कमजोर छात्रों को स्कूलों से निकालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के हैदरपुर इलाके में विज्ञान की पढ़ाई के लिए एक भी स्कूल नहीं है।

गुप्ता ने कहा कि सरकार इस साल अपने स्कूलों में 7,000 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगी और छात्रों के लिए 100 भाषा प्रयोगशालाएं और 175 डिजिटल लाइब्रेरी भी खोलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार इस साल दिल्ली के सरकारी स्कूलों के 1,200 मेधावी छात्रों को लैपटॉप प्रदान करेगी, जैसा कि बजट 2025-26 में घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरकार ने एक बैंक के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कोष से प्रायोजित 100 टैबलेट छात्रों को उपलब्ध कराए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को स्कूलों में मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।

## डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है'... सचिन पायलट

उन्होंने कहा, उनके बीच इतना तनाव है कि सरकार अपनी पकड़ खो चुकी है।" उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार पंचायतों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए तैयार नहीं है।कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिकारी हावी हैं और मनमर्जी से काम होता है। पायलट ने टोंक में मीडिया से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, पूरा देश यह जान चुका है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है, कामयाब नहीं हो रहा। डबल इंजन सरकार का संदर्भ केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने के लिए दिया जाता है।

उन्होंने कहा, सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल को देखकर लगता है कि जो काम हम करके गये थे, जो हमने शुरू कर दिए थे और मंजूर कर दिए थे, वे इन कामों की देखरेख भी नहीं कर पा रहे। पायलट ने कहा, यह बहुत दुखद बात है कि सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ दिल्ली के आकाओं को खुश करने में लगा हुआ है। अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी सरकार सत्ता के संघर्ष में लगी है। अधिकारी हावी हैं। मनमर्जी से काम होता है। बड़े-बड़े पदों पर बैठे सत्ताधारी लोगों की कोई सुन नहीं रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर जनता का पूरा भरोसा है और आने वाले समय में लोगों का आशीर्वाद उसे मिलेगा। एक बयान के अनुसार पायलट ने टोंक में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें बिजली, पेयजल और आम जनता की अन्य समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।

## 'मोदी को सरेंडर करने की आदत, बिहार में बोले राहुल गांधी, असली जातिगत जनगणना नहीं करवाएगी भाजपा सरकार

नेता ने परिवार के साथ नारियल पानी साझा किया, वित्तीय कठिनाइयों के बारे में उनकी चिंताओं को सुना, और गंभीर चर्चा की।

इसके बाद राहुल गांधी ने एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कभी भी असली जातिगत जनगणना नहीं करवाएगी, क्योंकि जिस दिन इन्होंने असली जातिगत जनगणना कर ली, उस दिन इनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं- एक इखढ वाला मॉडल, दूसरा तेलंगाना का मॉडल। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के मॉडल में बंद कमरे में अफसरों ने सवाल तय किए, जिनमें 90% का कोई नहीं था। जातिगत जनगणना में सबसे जरूरी ये है कि कौन से सवाल पूछे जा रहे हैं।

राहुल ने दावा किया कि हमने तेलंगाना में जनता से खुले तौर पर सवाल पूछे। हमने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और उनके एसोसिएशन से कहा कि हम जातिगत जनगणना करवाने जा रहे हैं- आप कैसे सवाल चाहते हैं? हमें हर वर्ग के लोगों ने अलग तरह के सवाल दिए। करीब 3 लाख लोगों ने खुली बैठकों में जातिगत जनगणना के सवाल तैयार किए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी हर भाषण में कहते थे- मैं डइउ हूं फिर जातिगत जनगणना पर कहते हैं कि हिंदुस्तान में तो जाति ही नहीं है, अगर हिंदुस्तान में जाति नहीं है, तो नरेंद्र मोदी कैसे डइउ हो गए। मेरा लक्ष्य है- जातिगत जनगणना मैंने लोकसभा में नरेंद्र मोदी के सामने आंख से आंख मिलाकर कहा था - जातिगत जनगणना होगी और आपको तो पता है, उनको सरेंडर करने की आदत है।

## सिंधु नदी का पानी बंद होने के बाद पाकिस्तान भारत को भेज चुका है 4 चिट्ठियां, इनमें से 3 ऑपरेशन सिंदूर के बाद

एक प्रमुख पहल 130 किलोमीटर लंबी नहर है जिसे ब्यास नदी को गंगा नहर से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका यमुना नदी तक प्रस्तावित विस्तार है। लगभग 200 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 12 किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है, जिससे यमुना का पानी गंगासागर तक पहुँच सकता है। इस पहल से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार ने कहा है कि काम तेजी से आगे बढ़ रहा है और दो से तीन साल में पूरा होने की उम्मीद है। एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार की जा रही है।

पाकिस्तान के लिए इसका क्या मतलब है- सूत्रों का सुझाव है कि संधि के निलंबन से पाकिस्तान की रबी फसलों पर काफी असर पड़ सकता है, जबकि खरीफ सीजन अपेक्षाकृत अप्रभावित रहेगा। कृषि के अलावा, व्यवधान दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकता है, जिससे संभावित रूप से जल उपलब्धता संकट पैदा हो सकता है। पाकिस्तान ने कथित तौर पर मध्यस्थता के लिए विश्व बैंक से संपर्क किया है। हालाँकि, विश्व बैंक ने अब तक संधि में अपनी भागीदारी को निलंबित करने के भारत के आंतरिक निर्णय में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। भारत ने 21वीं सदी की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए संधि पर फिर से विचार करने और फिर से बातचीत करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। 1950 और 1960 के दशक में तैयार की गई मूल संधि को हाइड्रोलॉजिकल पैटर्न, ग्लेशियरों के पिघलने, जनसंख्या वृद्धि और टिकाऊ ऊर्जा और जल प्रबंधन की आवश्यकता में बदलाव के कारण तेजी से पुराना माना जा रहा है।

## स्टारलिंक को भारत में भी मिला लाइसेंस, 15 दिन में शुरू होगा ट्रायल

अभी करना होगा और इंतजार-ळफ्अक (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) ने सैटकॉम कंपनियों के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन की सिफारिश की है, लेकिन ऊ्ङ्कळ ने इन सिफारिशों को अभी तक मंजूरी नहीं दी है। ळफ्अक ने यह भी सिफारिश की है कि सैटकॉम कंपनियों से अऋफ्र (एजजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) का 4% शुल्क लिया जाए। अब र३१९'ल्ल' को भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम की मंजूरी का इंतजार है। अगर ळफ्अक की सिफारिशें मंजूर होती हैं, तो र३१९'ल्ल' जल्द ही भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू कर सकती है।

बता दें कि हाल ही में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा था कि स्टारलिंक सैटेलाइट कनेक्टिविटी टेलीकॉम के गुलदस्ते में एक और फूल की तरह है। मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ-साथ हमारे पास ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी भी है, लेकिन सैटेलाइट कनेक्टिविटी दूरदराज के इलाकों में बहुत अहम है, जहां वायर्ड कनेक्शन आसानी से नहीं पहुंच सकते।"

उन्होंने आगे बताया, "आने वाले दिनों में तीसरा लाइसेंस जारी किया जाएगा। पहला लाइसेंस डल्लीहु को दिया गया था, दूसरा रिलायंस को दिया गया है और तीसरा लाइसेंस र३१छल्ल' को दिया जा रहा है। इसके बाद सरकार स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराएगी और देश में यह सेवा जल्द शुरू होगी।

## देश में 15 दिन में 20 गुना हुए कोरोना के सक्रिय केस, आंकड़ा 5000 के पार

**अहम बैठकें भी की गईं-** इससे पहले 2 और 3 जून को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपातकालीन प्रबंधन प्रतिक्रिया (एटफ) प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (ठउऊ), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (IDSP), दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों के प्रतिनिधियों और सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ मौजूदा कोरोना स्थिति और तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी समीक्षा बैठकों की एक सीरीज आयोजित की गई थी।

बारीकी से निगरानी की जा रही- 4 जून को आधिकारिक सूत्रों ने कहा था कि कऊरढ के तहत राज्य और जिला निगरानी इकाइयां इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (क्छक) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (रअफ्क्र) की बारीकी से निगरानी कर रही हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा था कि दिशानिर्देशों के अनुसार सभी भर्ती रअफ्क्र मामलों और 5 प्रतिशत क्छक मामलों के लिए परीक्षण की सिफारिश की जाती है। सकारात्मक रअफ्क्र नमूनों को ICMR VRDL नेटवर्क के माध्यम से संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा जाता है।

## क्या फ्रंट फुट पर खेलने की कर रहे कोशिश चिराग ?

ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर एक ओर नीतीश और मोदी के साथ मजबूती से खड़े रहने का दम भरने वाले चिराग पासवान के मन में क्या चल रहा है?

चिराग पासवान की पार्टी के सांसद अरुण भारती ने जिस तरीके से एक्स पर कई बातें लिखी, उससे तो साफ तौर पर ऐसा ही लग रहा है कि चिराग पासवान की पार्टी हर हाल में उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। लेकिन चिराग पासवान इस बात का दम भी भर रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने रहेंगे। ऐसे में सवाल यह है कि चिराग पासवान फिर बिहार में विधानसभा चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं? वह केंद्र सरकार में मंत्री है बिहार में भी उनकी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ सकती है। बिहार में पहले से ही एनडीए गठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा मौजूद है। ऐसे में चिराग की चाल को क्या समझा जाए? एनडीए में चिराग पासवान की पार्टी बिहार में तीसरे नंबर पर है। फिलहाल उनके पार्टी के एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सीधे मुख्यमंत्री बनने का सपना देखना भी दिलचस्प नजर आता है।

\एनडीए की ओर से अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनते हैं तो भाजपा अपना दावा मजबूत करेगी। बिहार में चिराग पासवान मुख्यमंत्री को लेकर कितने मजबूत है, फिलहाल यह सवालों के घेरे में है। हालांकि, कई राजनीतिक विश्लेषक इसे दबाव की राजनीति भी बता रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि अगर चिराग पासवान बिहार चुनाव में उतरते हैं तो पार्टी एनडीए में खुद के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल कर सकती है। यही कारण है कि चिराग पासवान की पार्टी ने अलग-अलग नीति पर काम करना शुरू कर दिया है।

# धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले। स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है। बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉमूर्लेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है।

# मेरठ में मिले कोरोना के छह मरीज, एक मेडिकल कालेज में भर्ती, स्वास्थ्य विभाग

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। स्वास्थ्य विभाग ने 11 लोगों की जांच कराई, जिनमें से छह की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पॉजिटिव आए लोगों के परिजनों की भी जांच कराई जाएगी।

मेरठ में कोरोना का दायरा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को छह नए मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले। इनमें से एक की हालत खराब होने पर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जांचें बढ़ाने की बात कही है।



जिले में शुक्रवार को 11 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए। इनमें से छह की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। ऐसे में अगर जांच का दायरा बढ़ाया जाता है, तो आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। वहीं पूर्व में पॉजिटिव आए एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया।

सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया का कहना है कि छह नए मरीजों के परिजनों की जांच भी कराई जाएगी। लोगों से अपील है कि मास्क लगाकर ही निकलें। खांसी, छींक, जुकाम हो या कोरोना की आशंका हो तो तुरंत जांच कराएं।

# प्रेम प्रसंग में उधार वापस मांगने पर प्रेमी ने की हत्या

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
हापुड। रजवाहे के पानी में बहते हुए सूटकेस में मिले अज्ञात महिला के शव का पुलिस ने किया खुलासा। प्रेम प्रसंग में प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या।
पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि आरोपी दिल्ली मयूर विहार निवासी सतेंद्र यादव(30



वर्ष )का मृतक नीलेश(25 वर्ष) से 5 लाख रुपए उधार के लेनदेन को लेकर विवाद था। और अवैध संबंधों के शक में सत्येंद्र ने उसका चुन्नी से गला घोटकर हत्या कर दी। शव को ठिकाने लगाने के लिए सूटकेस में? शव को बंद कर दिया । सूटकेस में बंद शव को गाड़ी में रखकर दिल्ली से चलकर हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली अंतर्गत एक रजवाहे में फेंक कर फरार हो गया था। पुलिस ने लगभग 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जब कहीं जाकर इस घटना का खुलासा हुआ।पुलिस ने आरोपी सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

## : विश्व पर्यावरण दिवस पर एमआईईटी में वृक्षारोपण छात्रों ने लिया एक छात्र, एक पेड़ का संकल्प



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक ने पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की और पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में नीम,
अशोक, गुलमोहर और आम जैसे पौधे लगाए गए। छात्रों ने ₹एक छात्र, एक पेड़₹ का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। शिक्षकों ने पर्यावरणीय विषयों पर विचार साझा किए और प्लास्टिक मुक्त, हरित जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में कदम है, बल्कि छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है।

# पशु तस्कर दो ट्रक गोवंश की खाल प्रति सप्ताह लेकर जाते थे पंजाब और कानपुर

हापुड। गाजियाबाद के मोदीनगर - फरीदनगर मार्ग पर गोवंश की खाल से भरे दो ट्रक को पुलिस ने पकड़े थे । पुलिस द्वारा की गई जांच में पता चला कि यह गौ वंश की खाल हापुड़ से भेजी गई थी। गोवंश की खाल से भरे ट्रक को पंजाब की जीरकपुर स्थित अजय जिलेटिन फैक्टरी में भेजा जा रहा था और कानपुर की सिल्वर ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड का एक कर्मचारी हाशिम हापुड़ के रामपुर रोड कालोनी का रहने वाला है । हाशिम रामपुर रोड पर स्थित एक गोदाम में इन पशु अवशेषों को जमा करता था और वहां से प्रत्येक सप्ताह देर रात को गोवंश की खाल से भरे दो ट्रैकों को भेजता था ।
मामले की जानकारी होते ही पुलिस और प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने हापुड की चमड़ा पैठ का निरीक्षण किया । मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्रा ने हापुड़ कोतवाली में तहरीर देकर सिल्वर ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड, अजय जिलेटिन फैक्टरी और कुरैशी दलित पैंठ समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

# विकासखंड सिंभावली के ग्राम मुरादपुर में जन चौपाल का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम मुरादपुर के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जन चौपाल में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेरे द्वारा पुनः ग्राम का निरीक्षण किया जाएगा निरीक्षण के दौरान आज चौपाल में जो भी समस्याएं ग्रामीणों द्वारा रखी गई है यदि उनका निस्तारण मेरे निरीक्षण के दौरान भी नहीं लंबित पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जन चौपाल के दौरान उप जिलाधिकारी , जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,खंड विकास अधिकारी सिंभावली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों की सही जानकारी न देने पर नगरपालिका कर्मियों को विशेष सचिव ने लगाई फटकार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड। उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग के विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी हापुड़ पहुंचे ,जहां नगर पालिका परिषद हापुड़ क्षेत्र में आने वाले नालों के पानी की निकासी का निरीक्षण किया । उन्होंने बुलंदशहर रोड स्थित मोती कॉलोनी के नाले का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से सफाई के बारे में जानकारी हासिल की। इससे पहले उन्होंने नगर पालिका परिषद स्थित अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक भी की । नगरपालिका कार्यालय में मीटिंग करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की ,निर्माण विभाग के अवर अभियंता प्रमोद कुमार सही जानकारी नहीं दे सके जिस पर उन्होंने अवर अभियंता को जमकर फटकार लगाई ।

# सेवा भारती के सेवा कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। सेवा भारती मेरठ महानगर की योजना बैठक मधुकर कुंज लोहिया नगर में हुई , जिसमें सेवा भारती गत वर्ष के सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष के लिए सेवा कार्यों का संकल्प घोषित किया गया। मुख्य उद्बोधन सह-विभाग संघचालक विनोद भारती का रहा। विनोद भारती ने बताया कि पूरे देश में अभावग्रस्त और उपेक्षित सेवा बस्तियों में सेवा भारती के 1,50,000 सेवा केन्द्र कार्य कर रहे हैं। मेरठ महानगर की 135 सेवा बस्तियों की 70 सेवा बस्तियों में शोषित पीड़ित उपेक्षित परिवारों के लिए सेवा कार्य चलायें जा रहे हैं।
सेवा भारती मेरठ के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। पूर्वी मेरठ महानगर के



अध्यक्ष जनार्दन शर्मा तथा मन्त्री डा कपिल गर्ग और कोषाध्यक्ष सौरभ ग्रवाल घोषित किए गये। पश्चिमी मेरठ महानगर के अध्यक्ष गौरव गोयल ,मन्त्री नीरज मिन्टी तथा कोषाध्यक्ष अमित रस्तोगी की घोषणा हुई। सेवा भारती मेरठ महानगर पूर्व के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनार्दन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष हिन्दु परिवारों की अनाथ और अभावग्रस्त कन्याओं के लिए मेंरठ शहर में एक महिला छात्रावास बनाने की योजना है जिसमें अभावग्रस्त बालिकाओं की शिक्षा और रहने का प्रबंध होगा, तथा नगर की सभी सेवा बस्तियों में सेवा कार्य के विस्तार का लक्ष्य है। इस योजना बैठक में सह-विभाग संघचालक विनोद भारती, सेवा भारती मेरठ प्रान्त के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, मन्त्री डा आनन्द पाल सिंह, उपाध्यक्ष विपुल सिघंल एवं बड़ी संख्या में नगरवासी और सेवा भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र( राजू चेचानी) की गिरफ्तारी की है जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान गत 2 मई को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों के साथ नकली उत्पादों देकर धोखा दिया जाता है। नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह



पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं, जिसके कारण पैदावार कम होती है। इस गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैला नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति
नेटवर्क ध्वस्त हो जायेगा। भारत के 11 से ज्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है।

# छिजारसी टोल प्लाजा पर भाकियू कार्यकताओं की मुठमर्दी

## जबरन आधे घंटे टोल कराया फ्री।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड। जनपद हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं के साथ हुई अभद्रता को लेकर शुक्रवार को भाकियू संगठन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया । भाकियू के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में भाकियू पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने टोल पर जमकर हंगामा किया । जिसके कारण लगभग आधे घंटे तक वाहनों को टोल प्लाजा से निःशुल्क निकाला गया ।
छिजारसी टोल प्लाजा के मैनेजर रवि ने मौके पर पहुंचकर भाकियू के कार्यकताओं से माफी मांगी लेकिन भाकियू के कार्यकर्ता उक्त टोलकर्मी को बुलाने पर अड़ गए जिसने अभद्रता की थी लेकिन अभद्र व्यवहार का आरोपी टोलकर्मी मौके से भाग गया । लगभग आधा घंटा तक हंगामे के बाद भाकियू कार्यकताओं ने टोल प्लाजा को चलने दिया।

# उपज पत्रकार संगठन गाजियाबाद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) की गाजियाबाद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में पत्रकारिता जगत से जुड़े अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (ठवखक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश चतुवेर्दी, मुख्य वक्ता उपज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसून शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार, कवि व शायर राज कौशिक, उपज प्रदेश मंत्री अजय चौधरी, सुनीता उपाध्याय और गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व




सचिव मनमोहन शर्मा मौजूद रहे।
सभी अतिथियों का स्वागत उपज गाजियाबाद इकाई के जिलाध्यक्ष विशाल कौशिक द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।गाजियाबाद इकाई के नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को विधिवत शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष विशाल कौशिक, उपाध्यक्ष सुदामा पाल, राम अवध भगत, महामंत्री नंदकिशोर उपाध्याय, संयुक्त महामंत्री रविन्द्र गुप्ता, कपिल श्रीवास्तव, अभिषेक चतुवेर्दी, कोषाध्यक्ष मनुराज कौशिक, सह-कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, मीडिया प्रभारी अजीत रावत, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कौशिक, हरेन्द्र, राजीव आनंद, दिव्यांश भटनागर, अजय चौहान, आशा चौधरी, संदीप ब्रह्मभट्ट तथा संजीव शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# 24 घंटे में कोविड-19 के 32 नए मामले दर्ज किए गए

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गौतमबुद्ध नगर। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार एक बार फिर चिंता बढ़ा रही है। बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 32 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे जिले में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 190 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संक्रमितों में 79 पुरुष और 111 महिलाएं शामिल हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि वर्तमान में तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि अन्य संक्रमितों की स्थिति स्थिर है और उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। विभाग की निगरानी टीम नियमित रूप से इन मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

कोरोना की वापसी पर सतर्क हुआ स्वास्थ्य विभाग :



कोविड के नए मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (ढलउ२) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (उलउ२) को अलर्ट मोड में रखा गया है। सभी चिकित्सा इकाइयों को निर्देश दिए गए हैं कि कोविड जैसे लक्षण वाले मरीजों की तत्काल जांच की जाए और आवश्यकतानुसार आइसोलेशन या रेफरल की व्यवस्था की जाए।

**जांच और ट्रैकिंग बढ़ाने के निर्देश** :डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि जिले में जांच की संख्या बढ़ाई जा रही है, ताकि संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, सैंपलिंग और जांच रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को तेज किया गया है। विभाग ने स्कूलों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है।

**लोगों से की गई यह अपील :**

भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें

सांस संबंधी परेशानी, बुखार या अन्य लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं

**स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइंस का पालन करे:** टीकाकरण की दूसरी/बूस्टर डोज अभी तक न ली हो तो तुरंत लगवाएं

सोशल मीडिया पर जागरूकता की कमी : गौर करने वाली बात यह है कि जहां संक्रमण फिर से पैर पसार रहा है, वहीं गौतमबुद्ध नगर स्वास्थ्य विभाग का एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल महीनों से निष्क्रिय पड़ा है। विभाग ने आखिरी बार 4 दिसंबर 2024 को कोई अपडेट साझा किया था, जिसके बाद से कोई जानकारी जनता के साथ साझा नहीं की गई है। इस डिजिटल निष्क्रियता से लोगों को समय पर सूचना नहीं मिल पा रही, जिससे जागरूकता में भी गिरावट देखी जा रही है।

# संपादकीय

## अब विद्रोह है : युद्धोन्मादी राष्ट्रवाद का मनोविज्ञान

**आलेख : डॉ. विक्रम सिंह**

पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट दिखाई दिया। यह किसी भी देश के लिए एक सकारात्मक संकेत है कि वह एकता के साथ आतंक के खिलाफ लड़ने को तैयार है, लेकिन चिंता की बात यह है कि इसके साथ एक अजीब सा युद्ध उन्माद भी देखने को मिला।

यह बात दो घटनाओं के उल्लेख से बेहतर समझी जा सकती है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर एक तस्वीर सबसे अधिक साझा की जा रही थी, वह थी इस आतंकी हमले में मारे गए नौसेना अधिकारी विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की, लोग इस तस्वीर को अलग-अलग भावनाओं के साथ साझा कर रहे थे। अधिकतर लोगों ने अपनी सहानुभूति जताई और आतंकवाद से लड़ने की अपील की।

लेकिन कुछ लोगों, जिनमें ज्यादातर भाजपा के समर्थक शामिल थे, ने इस तस्वीर का इस्तेमाल सांप्रदायिक टिप्पणियों के लिए किया।? कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पूरा देश हिमांशी के साथ खड़ा है, लेकिन 1 मई को हालात अचानक बदल गए। जो हिमांशी कल तक सबकी प्रिय थीं, उनके खिलाफ ट्रोलिंग शुरू हो गई और सोशल मीडिया पर उनके प्रति घृणा का वातावरण बन गया,उनके खिलाफ लोग (ट्रोल) जहर उगलने लग गए।

दिवंगत अधिकारी की पत्नी के प्रति सहानुभूति अचानक घृणास्पद,हिमांशी की ह्यगलतीह्न केवल इतनी थी कि उन्होंने 1 मई को करनाल (हरियाणा) में अपने दिवंगत पति के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में अपील की थी कि ह्यमैं किसी के प्रति कोई नफरत नहीं चाहती, यही हो रहा है।लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ जा रहे हैं, हम ऐसा नहीं चाहते, हम शांति चाहते हैं और सिर्फ. शांति, बेशक हम न्याय चाहते हैं बेशक, जिन लोगों ने उसके साथ गलत किया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

इसी दौरान एक और चेहरा लगभग रोज टीवी पर दिखाई देता रहा, एक शांत, संतुलित और नपे-तुले शब्दों में देश को टकराव की स्थिति से अवगत कराता रहा। यह चेहरा था विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री का, वह बिना किसी उत्तेजना या आवेश के असल (सरकार के द्वारा तय की गई) स्थितियों को देश की जनता से साझा कर रहे थे।लेकिन जब उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए हुए समझौते की घोषणा मीडिया में की, तो देश का यह नायक भी नफरत फैलाने वाले युद्ध-उन्मादी ट्रोल्स का शिकार हो गए।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विक्रम मिस्त्री को सोशल मीडिया पर ह्यदेशद्रोहीह्न तक करार दिया गया। इतना ही नहीं, उनकी बेटियों को भी इस ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, उनकी निजी जानकारियाँ, यहां तक कि फोन नंबर तक सार्वजनिक कर दिए गए।

यह कोई स्वतःस्फूर्त होने वाली प्रक्रिया नहीं है कि जिनको देश के हीरो के रूप में प्रचारित किया जा रहा था यकायक वह खलनायक हो गए और जनता विशेषतौर पर आभासीय दुनिया में रहने वाले लोगो के नफरत के शिकार होने लग गए। क्या यह भाजपा और हिंदुत्ववादी ताकतों के पिछले दशक के शासन का नतीजा है।

# निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में भक्तों की भीड़

## भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बाराबंकी। जनपद के मंजीठा स्थित खाटू श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी पर भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। मंदिर में भक्तों की संख्या इतनी अधिक थी कि दुकानदारों के पास प्रसाद तक समाप्त हो गया।मंदिर परिसर में राजन रस्तोगी ग्रुप द्वारा निरंतर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तों की श्रद्धा का प्रदर्शन मंदिर परिसर में हर ओर से गूंजते 'जय श्री श्याम' के जयकारों से देखा गया।



ज्येष्ठ मास की गर्मी में निर्जला एकादशी का व्रत विशेष महत्व रखता है। इस दिन भक्त बिना जल के व्रत रखते हैं, जो गर्मी के मौसम में एक कठिन तप माना जाता है।

# एसपी ने महिला सिपाही से फीता कटवाकर किया पुलिस बूथ का उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
अमेठी,जायस । शुक्रवार को जायस थाना क्षेत्र में नौगजी चौराहे पर नवनिर्मित पुलिस बूथ का उद्घाटन एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने महिला सिपाही से फीता कटवा कर किया। उन्होंने कहा कि कस्बा जायस का ये प्रमुख स्थल है। और पूरे एरिया का आधार प्रमुख बिंदु भी है। यहां पर पुलिस बूथ का निर्माण किया गया है। इससे पुलिस का व्यवस्थापन और पुलिस की निगरानी इंश्योर की जा सकेगी पूरे एरिया को सीसीटीवी से कवर किया गया है ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक ना हो पाए। उन्होंने कहा कल बकरीद के पर्व को देखते हुए पुलिस की तरफ से सुरक्षा



व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। तीन दिनों तक चलने वाली कुर्बानियों को ज़िला प्रशासन की तरफ से स्थानों को चिन्हित किया गया। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर रोड डाइवर्जन कर दिया गया है।

उदघाटन के मौके पर सीओ तिलोई अजय कुमार सिंह,थाना अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह व थाना अध्यक्ष मोहनगंज राकेश सिंह, चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्र समेत थाने के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण रहे मौजूद।

# ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय के उपायुक्त ने किया जीरो पावर्टी सर्वे के लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन

## निर्धनतम परिवारों को मिलेंगे पक्के मकान और अन्त्योदय राशन कार्ड।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
अमेठी। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत हुए रजिस्ट्रेशन और जीरो पावर्टी सर्वे के बाद पी एम आवास के लिए प्रस्तावित लाभार्थियों के स्थलीय सत्यापन का काम शुरू हो गया है। गुरुवार को ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय में तैनात उपायुक्त प्रेम प्रकाश त्रिपाठी ने गांवों में जाकर लाभार्थियों की पात्रता की जांच की।? जीरो पावर्टी सर्वे के अन्तर्गत चिंहित गरीब परिवारों का जीवन स्तर उठाने के लिए उन्हें रोजगार से जोड़ने के साथ पक्के मकान भी दिए जाएंगे। जंगल रामनगर और घोरहा में लाभार्थियों की संख्या अधिक मिलने पर गुरुवार को उपायुक्त मनरेगा ने गांवों में जाकर जीरो पावर्टी सर्वे में चिन्हित लाभार्थियों का सत्यापन किया ।मौके पर खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह और रतन सिंह के साथ ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी भी मौजूद रहे।



### निर्धनतम परिवारों को अन्त्योदय कार्ड जारी किए जाएंगे :

जीरो पावर्टी सर्वे में सामने आए गरीब परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित करने के लिए शासन की ओर से अन्त्योदय कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। विकास खंड के कर्मचारियों की ओर से सर्वे में चिन्हित और प्रस्तावित किए गए लाभार्थियों की पात्रता की जांच के लिए जिला पूर्ति अधिकारी और सभी सप्लाई इंस्पेक्टर गांवों में जा रहे हैं।

# भाजपाइयों ने मनाया सीएम का जन्मदिन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
संग्रामपुर (अमेठी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकताओं ने जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने संग्रामपुर स्थित कालिकन धाम में हवन-पूजन कर मुख्यमंत्री के दीघार्यु की कामना की।



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकेश यादव सहित कई कार्यकताओं ने पूजन में भाग लिया। बाद में जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री की प्रतिमा को प्रतीकात्मक लड्डू खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जननेता के रूप में जनता की समस्याओं से सीधे जुड़ते हैं। प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने उन्हें संत और जननेता के गुणों से युक्त बताया। इस अवसर पर अभिषेक चंद्र कौशिक, संतोष द्विवेदी, अजय सिंह गौर, सूर्य नारायण तिवारी, अरुण मिश्रा राजा आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

बहराइच। जनपद बहराइच में चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल के लोकार्पण/उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संभावित जनपद आगमन के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ स्मारक का भ्रमण कर जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश,पेयजल,मंच एवं पण्डाल, पार्किंग, बैरीकेडिंग, आवागमन के मार्ग व नेटवर्क सहित तमाम व्यवस्थाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सभी श्रमिकों आदि की मूलभूत



आवश्यकताओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए। डीएम ने कहा कि गर्मी की दृष्टिगत सुबह व शाम दो अलग-अलग शिफ्टों में कार्य किया जाए तथा सभी के लिए शुद्ध पेयजल, शरबत आदि की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने टीडीएम को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर नेटवर्क की यथोचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को स्मारक स्थल पर आवश्यकता अनुसार रंग-रोगन व साफ सफाई का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक को सुचारू रूप से गतिमान रखने के लिए कार्य योजना बनाते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाए की आवागमन में आम जनमानस को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित अन्नाप्रासन प्रेरणा महिला लघु उद्योग का निरीक्षण



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
**बाराबंकी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैया में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित अन्नप्रासन प्रेरणा महिला लघु उद्योग का निरीक्षण किया तथा प्लांट संचालन करने वाली महिलाओं से प्लांट में उत्पादित होने वाले रेसिपी मशीनों एवं उत्पादन के सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने महिलाओं द्वारा उत्पादित पुष्टाहार की सराहना की और संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी और उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया जिलाधिकारी ने टी एच आर प्लांट मे लगी मशीनरियों का बारीकी से जायजा लेते हुए तैयार हो रही सामग्री की गुणवत्ता परखी।

जिलाधिकारी ने समूह कि महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उपायुक्त (स्वतः रोजगार) बी के मोहन को इकाई मे आने वाली दिक्कतो को दूर करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आई ए एस संयुक्त मजिस्ट्रेट तेजस कृष्ण प्रसाद उपायुक्त (स्वतः रोजगार) बी के मोहन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार ,खण्ड विकास अधिकारी मसौली संदीप श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन लाल कनौजिया ,जिला मिशन प्रबन्धक विशाल तिवारी,ब्लाक मिशन प्रबन्धक जितेन्द्र पटेल, अभिजीत श्रीवास्तव, दिलीप सिंह एवं पुष्टाहार निर्माण इकाई अध्यक्ष श्रीमती ममता शर्मा,सचिव किरन, कोषाध्यक्ष गुड्डी सहित समूह की महिलाए मौजूद रही।

# अवैध खनन में पकड़े गए माफियाओं ने अधिकारियों से की बदसलूकी


नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
बाराबंकी। सिहाली क्षेत्र के नरेना गांव में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। खनन विभाग को सूचना मिली कि कुछ लोग रात के अंधेरे में अवैध खनन कर रहे हैं। जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो आरोपयों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। दोनों आरोपी गाड़ी के आगे लेट गए। जब अधिकारियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की, तो



आरोपियों ने उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। परिस्थिति को देखते हुए खनन विभाग के अधिकारियों ने अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर थाना जहांगीराबाद भेज दिया। विभाग द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# केनरा बैंक के प्रबंधक युवाओं को नहीं दे रहे मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना का लाभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बाराबंकी। मसौली केनरा बैंक शाखा मसौली के प्रबंधक की मनमानी एव व्यवहार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अति महत्वाकाक्षी मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना का लाभ पात्रों को नही मिल पा रहा है शाखा प्रबंधक योजना के आवेदन कर्ताओ से दुर्व्यवहार कर शाखा से बाहर कर दे रहे है बैंक की मनमानी की शिकायत मुख्यमंत्री से की गयी है। बताते चलें जिला उद्योग केंद्र की ओर से मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के तहत ऋण देने का प्रावधान है मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के तहत 21 वर्ष के युवा रोजगार के लिए 5 लाख तक बिना ब्याज के ऋण दिया जाता है लेकिन बैंको की लापरवाही के कारण युवा उधमियों की राह मुश्किल हो रही है। मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के तहत पात्रों के




आवेदन करने के बाद भी ऋण नही दिया जा रहा है जिससे युवा निराश व हताश है।

युवा उधमी योजना के तहत रोजगार के लिए त्रिपुरा निवासी आदर्श रावत पुत्र सुखदेव ने आवेदन किया जिसे जिला युवा उद्योग केंद्र द्वारा स्वीकृति के बाद केनरा बैंक शाखा मसौली ऋण देने के लिए आया जिस पर भुक्तभोगी आदर्श रावत जब शुक्रवार को शाखा प्रबंधक आदित्य सक्सेना से अपने ऋण के सम्बंध मे जानकारी लेने गया तो शाखा प्रबंधक आग बगुला होते हुए अपमानित कर बैंक से बाहर निकाल दिया। शाखा प्रबंधक के गलत व्यवहार से क्षुब्ध आदर्श रावत ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बहरहाल मुख्यमत्री युवा उधमी पात्र लाभार्थियों से जिस तरह बैंक के जिम्मेदार लोग व्यवहार कर रहे है वह बहुत ही निदनीय है और सरकार की योजनाओं मे पलीता लगा रहे है ।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को किया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने अपने सहयोगियों के साथ तहसील शाहबाद में पहुंचकर हिमांशु उपाध्याय उपजिलाधिकारी और राकेश चन्द्रा तहसीलदार शाहबाद को शॉल ओढ़ाकर तथा श्री रामचरित मानस भेंट कर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि वर्तमान समय में तहसील शाहबाद में दोनों ही अधिकारी जनहित में बहुत ही बढ़िया कार्य कर रहे हैं। बीते दिनों ग्राम पटवाई में तालाब की भूमि पर एक मदरसा



और एक बड़ा गेट बना हुआ था जिसको हमारी शिकायत पर ध्वस्त किया गया है। अभी कई मकान ध्वस्त होने शेष हैं वह भी अति शीघ्र ध्वस्त किए जाएंगे। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि में चौदह दुकानें बनी हुई थीं वह भी ध्वस्त की गई हैं। तहसील प्रशासन शाहबाद द्वारा निरंतर जनहित में कार्य किए जा रहे हैं जो कि प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। ऐसे कार्य होने पर अधिकारियों को सम्मानित किया जाना भी आवश्यक होता है। इस मौके पर विशाल दुबे, देवेन्द्र गंगवार, अनमोल पाठक आदि मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में स्टाफ को लगाई फटकार

## भर्ती घायल का इलाज शुरू न होने से खफा हुए

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले जन औषधि केंद्र के उद्घाटन किया। फिर क्रमवार पैथोलॉजी लैब, इमरजेंसी वार्ड और ब्लड बैंक पहुंचे। इमरजेंसी में भर्ती मरीजों से बातचीत की और व्यवस्थाओं का हाल जाना। दुर्घटनाग्रस्त में घायल आंवला निवासी युवक को भर्ती किए जाने के बावजूद इलाज शुरू न होने पर नाराजगी जताई और तत्काल उपचार शुरू करने के निर्देश दिए। वहां मौजूद स्टाफ को फटकार लगाई। कहा कि लापरवाही अब नहीं चलेगी। मरीज का एक्सरे करने और



दवा देने की हिदायत दी। बोले, मरीज का अगर खून साफ नहीं होगा तो इन्फेक्शन हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अस्पताल में सांप काटने के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डीएम और सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम और लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में खाली पदों पर पांच लाख रुपये तक की सैलरी पर वाक इन इंटरव्यू से तैनाती होगी।

उन्होंने डायलिसिस में बेड बढ़ाने, मरीजों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराने, कार्डियोलॉजिस्ट की निजी अस्पताल से बातचीत कर प्रतिदिन के आधार पर वेतन तय कर तैनाती के लिए कहा।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा कार्यकताओं का किया गया सम्मान.



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली ,नवाब मुजाहिद हसन खान के निवास पर हुआ वरिष्ठ कांग्रेस जन का सम्मान समारोह इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी,महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, कृष्णकांत शर्मा पर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पांडे मोहम्मद जकी के बी त्रिपाठी,हसनैन रजा वसीम खान गुड्डू मोहसिन रजा टोनू बक्शी पूर्व महानगर अध्यक्ष असलम चौधरी ,मुन्ना कुरैशी, आसिफ खान ,अनु वर्मा प्रेम प्रकाश अग्रवाल, हसनैन रजा, अजय शुक्ला ,चारु मेहरोत्रा ,नरेंद्र सिंह प्रोफेसर अलाउद्दीन खान, इकबाल सिंह वाले, डॉक्टर मेहदी हसन ,राजेंद्र सागर आदि सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# प्लास्टिक थैली के थोक व्यापारियों पर होनी चाहिए कार्यवाही तभी रुकेगा महानगर में प्लास्टिक कचरे का प्रदूषण.

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

बरेली, पर्यावरण प्रदूषण दिवस पर प्लास्टिक कचरे से प्रदूषण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन बड़े अधिकारियों ने (वाका थान) जैसे कार्यक्रम का आयोजन करके संदेश दिया की प्लास्टिक प्रदूषण से शहर को पूरी तरह से मुक्त किया जाए बरेली की कमिश्नर महोदय ने हरी झंडी दिखा कर रैली का प्रारंभ किया वहीं दूसरी तरफ बरेली के ही कुछ व्यापारी थोक में प्लास्टिक पॉलिथीन मंगवाकर फुटकर दुकानदारों को बेच रहे हैं अक्सर किला ट्रांसपोर्ट से पॉलिथीन ले जा रही गाड़ियां रोड पर दिखती हैं लेकिन इन्हें देखने वाला कोई नहीं नगर निगम क्षेत्र में प्लास्टिक की थैली प्रतिबंधित होने के बावजूद अक्सर छोटे बड़े दुकानदार ठेले वालों के पास आपको मिल जाएंगे नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी




इस गोरख धंधे की अनदेखी कर रहे हैं . या फिर यह कहा जाए कि नगर निगम की साठगांठ से व्यापार फलफूल रहा है ।

# किसान संघ ने की कई मांगें:पौरारा गंगा घाट पर पुल निर्माण, आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा के गंगेश्वरी ब्लॉक स्थित गांव पौरारा में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। किसान संघ ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। पौरारा गंगा घाट पर पुल निर्माण की शासन द्वारा की गई घोषणा पर अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली विभाग पर घरेलू मीटरों में अनियमित बिल जारी करने का आरोप लगा। आपूर्ति विभाग द्वारा कई पात्र राशन कार्ड धारकों के कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। लेखपालों द्वारा गांवों में अंश बंटवारा गलत तरीके से किया गया है। किसानों ने मांग की है कि प्रत्येक गांव में कैंप लगाकर इसे सही किया जाए। क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से किसान परेशान हैं। इन पशुओं को गौशाला भेजने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की गई है।

बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, मुकेश ठाकुर, राहुल, दिनेश, राजेश सैनी, ओमपाल सिंह, राजेश्वर, रामवीर, अमित चंद, लक्ष्मी नारायण गिरी, तेजराम सैनी, प्रेम ठाकुर, मोहन पाल सिंह, राकेश और वीर सिंह सैनी समेत कई किसान मौजूद थे।

# फर्जी पहचान बताकर युवती से किया दुष्कर्मअमरोहा कोर्ट ने आरोपी को सुनाई 8 साल की कैद, 5 हजार का जुमार्ना भी लगाया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा की एक अदालत ने युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी नाजिम अली को आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी खुद को संजय नाम से पेश कर युवती के संपर्क में आया और नौकरी का झांसा देकर होटल ले गया। वहां चाय-नाश्ते के बहाने दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो खींच लिए।

घटना तीन मार्च 2024 की है। गजरौला थाना क्षेत्र के एक होटल में भदौरा गांव निवासी नाजिम अली ने सैदनगली क्षेत्र की एक युवती को नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया था। होटल में युवती को शक हुआ तो उसने आरोपी की आईडी की फोटो खींच ली। तभी खुलासा हुआ कि आरोपी का असली नाम संजय नहीं, नाजिम है।

अश्लील फोटो किए वायरल, परिजनों को दी जानकारी- जब युवती ने सच्चाई जान ली तो नाजिम ने उसे ब्लैकमेल करते हुए उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। होटल के बाहर रोती-बिलखती युवती ने परिजनों को सूचना दी। मां और भाई मौके पर पहुंचे, जहां पीड़िता ने आपबीती सुनाई। कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गई।

दुष्कर्म, आईटी और एससी-एसटी एक्ट में दर्ज हुआ केस- मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी नाजिम अली के खिलाफ दुष्कर्म, आईटी एक्ट और एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। गिरफ्तारी के बाद से ही आरोपी जेल में बंद है।

# श्री श्याम ट्रेडर्स पर निर्जला एकादशी पर किया गया ठंडा शरबत वितरण

## शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के संगठन मंत्री के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम




**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। वर्ष की सबसे बड़ी एकादशी निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को आंवला रोड स्थित श्री श्याम ट्रेडर्स पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि के संगठन मंत्री विनोद गुप्ता के पिता कमलेश गुप्ता के साथ पंडित उमाकांत शर्मा जी के द्वारा आयोजन किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम दोपहर में शुरू हुआ। कार्यक्रम में सबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण के दौरान मरीजों एवं एंबुलेंस चालकों ने ठंडा शरबत पिया। उधर मनोना धाम से आने जाने वाले श्रद्धालुओ की सेवा करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में पत्रकार एसोसिएशन रजि के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, सचिव शावेज छोटे, राजीव सक्सेना उर्फ राजू , कृष्ण राजपूत, शुभम अग्रवाल, शिवांश, कृष्णा, कान्हा वैश्य, अनायरा वैश्य, अरविंद जोगिंदर राजपूत, अनुज आदि शामिल रहे।

# डिप्टी सीएम के काफिले से दो बाइक सवार गंभीर घायल, आईसीयू में भर्ती

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। रामगंगा रोड पर करगैना चौकी के सामने ट्रैफिक रोकने के दौरान डिप्टी सीएम के काफिले ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा दिया। आनन-फानन में पुलिस ने एक को रामगंगा अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं दूसरे को मिशन अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शुक्रवार को बरेली दौरे पर आए हुए थे।

जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह अपने काफिले के साथ विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के कार्यालय पर जा रहे थे। काफिले में सीएमओ विश्राम सिंह की गाड़ी भी सबसे पीछे चल रही थी, इस दौरान उनकी गाड़ी से दोनों लोग टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गए। इस हादसे में बाइक सवार



सुभाषनगर के इटौआ सुखदेवपुर निवासी 30 वर्षीय सुशील उर्फ वेदपाल और उसके साथी 28 वर्षीय यशपाल घायल हो गए।

घायल के पिता वीरपाल ने बताया कि सुशील और यशपाल बाइक चलाकर करगैना चौकी के पास काम से गए थे इसी दौरान वहां से डिप्टी सीएम का काफिला गुजरा और ट्रैफिक रोक दिया गया। वेदपाल बाइक लेकर काफिले के बीच से गुजरने की कोशिश कर रहा था, तभी सबसे पीछे चल रही सीएमओ विश्राम सिंह की गाड़ी से टक्कर हो गई।

# पीतल उद्योग संकट में, कच्चे माल की कीमतों ने बढ़ाई परेशानी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद । पीतल नगरी के नाम से पहचाने जाने वाले मुरादाबाद में पीतल उद्योग इस समय गहरे संकट के दौर से गुजर रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, बीते दो दशकों में पीतल के कच्चे माल की कीमतों में पांच गुना तक वृद्धि हो चुकी है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। महंगे कच्चे माल की वजह से तैयार उत्पादों की लागत बढ़ गई है और बाजार में मांग घटती जा रही है।



महंगे उत्पादों को ग्राहक खरीदने से कतराने लगे हैं स्थानीय पीतल कारोबारियों ने बताया कि 20 साल पहले पीतल की सिल्ली 80 रुपये प्रति किलो मिलती थी, जो अब बढ़कर 540 रुपये किलो हो गई है। हाल ही में इसकी कीमत 480 रुपये थी, लेकिन कुछ ही दिनों में इसमें बड़ा उछाल देखा गया है। उन्होंने कहा कि ₹कच्चे माल के दाम एक बार बढ़ते हैं तो फिर नीचे नहीं आते। इससे न केवल लागत बढ़ी है, बल्कि ग्राहकों की खरीदारी पर भी असर पड़ा है।

कारोबारियों का कहना है कि महंगे उत्पादों को ग्राहक खरीदने से कतराने लगे हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ व्यापारियों ने आशंका जताई है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में मुरादाबाद के पारंपरिक पीतल उद्योग की हालत और बिगड़ सकती है।

व्यापारियों ने सरकार से अपील की है कि पीतल उद्योग को राहत देने के लिए रॉ मटेरियल की कीमतों पर नियंत्रण लगाया जाए और कारीगरों व उद्यमियों के लिए विशेष सहायता योजना लाई जाए, ताकि यह ऐतिहासिक उद्योग अपनी पहचान कायम रखे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस को आज मिले 34 DSP परेड में दी सलामी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में आज एक महत्वपूर्ण समारोह के दौरान 91वें बैच के 34 पुलिस उपाधीक्षकों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर पासिंग आउट परेड में भाग लिया। इस बैच में 9 महिला और 25 पुरुष कैडेट शामिल रहे।

नव–नियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों को बधाई दी



समारोह की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा थीं। उन्होंने परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया। डीजी प्रशिक्षण ने अपने संबोधन में सभी नव–नियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों को बधाई दी और कानून–व्यवस्था की मजबूती के लिए ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। पुलिस अकादमी के इस बैच ने कई महीनों का कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें नेतृत्व, कानून, आधुनिक पुलिसिंग तकनीक, और सामुदायिक पुलिसिंग जैसे विषय शामिल थे।

यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस के भविष्य के लिए आशा की किरण है, बल्कि राज्य में महिला भागीदारी और सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर के. जी.के कॉलेज में किया गया पौधा- रोपण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। के. जी.के (पी.जी) कॉलेज मुरादाबाद में "यूथ फर्ज वेलफेयर फाउंडेशन "द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधा रोपण किया गया और पर्यावरण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार करनवाल ने कहा कि आज पर्यावरण को सुरक्षित व सरक्षित रखना कड़ी चुनौती हो गया है,वैश्वीकरण के दौर में इन चुनौतियों को नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग और अपशिष्ट में




कमी से किया जा सकता है'

हमारा अस्तित्व पर्यावरण पर निर्भर करता है

पर्यावरणीय जागरूकता और प्रबंधन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है' मानव और पर्यावरण के बीच सामंजस्य पूर्ण संबंध को समझ कर हम एक स्थिर और स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं, क्योंकि हमारा अस्तित्व पर्यावरण पर निर्भर करता है पृथ्वी पर जीवन की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए हमें सामूहिक प्रयासों के माध्यम से एक स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण का निर्माण करना होगा, यह केवल हमारे लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है इस दौरान कपिल चौधरी, (बबलू),संजीव पाल, सलमान खान, विनोद यादव, आकाश, पप्पू, अनीता, मंजू, प्रियंका, बुलबुल, नेहा आदि लोग उपस्थित रहे'

# कल्याणपुरा की 53 एकड़ पथरीली भूमि पर साकार हो रहा है हरित सपना

## डीएम कल्याणपुरा में लगाये गए फलदार पौधे

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। बुन्देलखण्ड जो सबसे अधिक शुष्क और पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता है, अब एक उम्मीद को नई कहानी लिख रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की दूरदृष्टि और पर्यावरण के प्रति उनके गहरे प्रेम के परिणामस्वरूप कल्याणपुरा की 53 एकड़ पथरीली एवं अनुपजाऊ मानी जानी वाली भूमि अब हरियाली व फल देने की ओर अग्रसर है। जिसमें संतरा, कोनू, आंवला, नाशपाती, बेर, आम, सीताफल, नीबू, अनार, अमरुद, कटहल, मौसम्मी, सहजन, जामुन, सहतूत व ड्रेगन फल जैसे व्यवसायिक एवं पौष्टिक फलों के पौधे तैयार किये जा रहे हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी ने स्वयं इस परियोजना स्थल का दौरा कर वहां लगाये गए हजारों फलदार पौधों का निरीक्षण किया और उनकी वृद्धि दर तथा अनुकूलता पर संतोष व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी विरधा इरशाद अहमद, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वहिन्दू महासंघ ने जन्मोत्सव पर किया जगतगुरु को सम्मानित



ललितपुर। विश्व हिन्दू महासंघ के संरक्षक गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए उनके द्वारा हिन्दुत्व के उत्थान में किए गए कार्यों को अनुकरणीय बताया सर्वेश्वर धाम में आयोजित कार्यक्रम में जगदगुरु कृष्णगिरि महाराज ने रामजन्म भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने में गोरक्षपीठ के योगदान को अकथनीय बताया और कहा योगी जी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में जो कार्य किए उससे हिन्दू समाज गौरवान्वित है आज प्रातः काल सर्वेश्वर धाम पर कार्यक्रम का शुभारम्भ धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ पदाधिकारियों ने पूजन अर्चन के साथ हनुमानचालीसा का पाठ किया आरती के उपरान्त जगदगुरु कृष्णगिरि महाराज के सानिध्य में योगी आदित्यनाथ जन्मोत्सव पर आयोजित सामाजिक समरसता संगोष्ठी हुई जिसमें गोरक्ष पीठाधीश्वर ब्रहमलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएमए के जिला अध्यक्ष डा० राजकुमार जैन ने योगी जी द्वारा किए गए सर्वहितकारी कार्यों का स्मरण किया और उन्हें धर्मगुरु के साथ साथ कुशल राजनेता बताया जोकि हम सभी के आदर्श है इस मौके पर विश्व हिन्दु महासंघ के नवनियुक्त मण्डल प्रभारी झांसी अनिल डोंगरा, जिला प्रभारी अवधेश सिंह यादव प्रधान, जिला प्रभारी गौरक्षा मनमोहन पंथ, युवा प्रकोष्ठ जिला महामंत्री दीपक राठौर, नगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ शरद तिवारी, प्रेस क्लब संरक्षक एंव वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा, मीडिया प्रभारी मनोज जैन को सम्मानित किया गया।

## पेयजल आपूर्ति हेतु नागरिक विकास मोर्चा का धरना प्रदर्शन शुरू।

# पेयजल संकट पैदा कर सरकार की छवि धूमिल कर रहे जल संस्थान के अधिकारीः एड. मनमोहन चौबे



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। बीते चार महीनों से शहर में चल रही पेयजल किल्लत की समस्या का निस्तारण कराने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा के तत्वावधान में स्थानीय घंटाघर के सामने नगर पालिका परिषद के मैदान में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान संयोजक हरीबाबू शर्मा व पार्षद एड. मनमोहन चौबे ने संयुक्त रूप से बताया कि शहर में बीते चार महीनों में भयंकर पेयजल संकट बना हुआ है। पेयजल किल्लत के लिए सीधे तौर पर जल संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदार हैं। इससे सरकार की छवि जानबूझकर धूमिल की जा रही है।
जब तक पेयजलापूर्ति सही ढंग से सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान सचिदानंद गोलवानी, हरपाल चंदेल, अमित दीक्षित, नरेंद्र सिंह, माधव सिंह, आशीष उपाध्याय, एम पी अग्निहोत्री, अहसान अली, संदीप नायक, विनोद कुमार सोनी, प्रमोद कुमार, मनोज परस्तोर, जानकी शरण सोनी, राममूर्ति तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, अरविंद जैन, अशोक कुमार स्वर्णकार, अमित पुरोहित, सुदेश नायक, पार्षद जानकी प्रसाद, ओम प्रकाश शिवहरे, सरदार रमन सिंह, मगन जैन आदि मौजूद रहे।

# जनपद में भीषण गर्मी में प्यासों के लिए राहत बना , शरबत सेवा अभियान



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
जालौन। भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से अधिवक्ताओं द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर, उरई में आमजन को शरबत वितरण किया गया। यह पहल न केवल सामाजिक सरोकार का उदाहरण बनी, बल्कि मानवता के प्रति उत्तरदायित्व का भी प्रतीक रही। गर्मी से जूझ रहे आम नागरिकों के लिए यह कार्य राहत और सहयोग की भावना से प्रेरित रहा। शरबत सेवा अभियान में जिलाधिकारी द्वारा भी प्रतिभाग कर आयोजकों का मनोबल बढ़ाया गया । मौके पर उपस्थित विविध सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अधिवक्ताओं के समाज में सकारात्मक योगदान का संदेश दिया। इससे पूर्व भी जनपद में विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है (जिलाधिकारी ने कहा कि इस गर्मी के इस दौर में आम जन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत कचहरी आने वाले फरियादियों की सुख सुविधा का ध्यान रखना चाहिए (थोड़ी-सी भी सेवा किसी के लिए बहुत बड़ी राहत बन सकती है। सभी को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का संकट, कहीं लाइन सूखी पड़ी तो कहीं सड़क पर बह रहा पानी

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का संकट गहराने लगा है। आलम यह है कि कहीं पाइपलाइन सूखी पड़ी तो कहीं पर लीकेज होने से आसपास के मोहल्लों में पानी नहीं जा पा रहा है। महरौनी के मोहल्ला लुहरयाना में कई दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप बनी हुई है। ऐसे में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी के लिए सहारा बना इकलौता हैंडपंप भी कम पानी दे रहा है। ऐसे में रुक-रुककर पानी भरना पड़ रहा है। इससे करीब एक हजार की आबादी को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उधर ग्राम पंचायत सौजना बूढ़ी, नेकोरा, सडकोरा के ग्रामीण पानी को परेशान हैं। इन क्षेत्रों में लगे कई हैंडपंप खराब पड़े हैं तो कहीं जल निगम का भी पानी नहीं पहुंच रहा है। इन गांवों की करीब दो हजार से अधिक आबादी को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इधर, नगर पंचायत तालबेहट के वार्ड तीन कबीर नगर में पेयजल संकट से परेशान सभासद व स्थानीय लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या के निस्तारण की मांग की है। बृहस्पतिवार को डीएम अक्षय त्रिपाठी ने जनपद में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अफसरों की बैठक कर दिशा-निर्देश दिए हैं।

# धूमधाम से मनाया सीएम का जन्मदिन



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। भारतीय हिंदू परिषद अंतरराष्ट्रीय संगठन और हिंदू युवा वाहिनी ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। भारतीय हिंदू परिषद और हिंदू युवा वाहिनी के संयुक्त रूप से हजारिया महादेव का अभिषेक किया गया। इस दौरान हिंदू वाहिनी के सारे पदाधिकारी और भारतीय हिंदू परिषद के पदाधिकारी देश के लिए समर्पित होने के लिए जरा भी नहीं पीछे हटेंगे भारतीय हिंदू परिषद की जिला अध्यक्ष वंदना तिवारी रमेश श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री मनविंदर कौर पूनम लखेरा नगर अध्यक्ष नेहा दीदी सुहानी गोस्वामी माखन सिंह निरंजन प्रधान पिपरिया मोहित पांडे प्रदेश संयोजक अभी अभिषेक बाजपेई जिला अध्यक्ष भारतीय हिंदू परिषद सत्यदेव चुरारिया केहर साहू अरविंद रिछारिया अतुल प्रकाश चतुर्वेदी नरेंद्र कुमार दीक्षित पंडित रमेश कुमार तिवारी पीके नायक विक्रांत सरिया टिंकू पटेल गुलशन कुमार गुप्ता राहुल कुशवाहा सुधीर श्रीवास्तव गबन भैया प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय हिंदू परिषद वंदना तिवारी महिला अध्यक्ष रोहित पटेल राजीव शुक्ला बुंदेलखंड प्रभारी अशोक स्वर्णकार, नेशनल प्रेस टाइम वरिष्ठ पत्रकार अरविंद संज्ञा और दैनिक नव कुंड पत्रकार नेहा दीदी आदि मौजूद रहे।

# कोसिकलां में ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसेगी नगर पालिका

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
मथुरा। कोसीकलां में ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन सख्त कदम उठाएगा। इसके लिए प्रशासन से मिलकर अभियान चलाया जाएगा। जिससे नगर में भारी वाहनों के चलते जाम के हालात न बनें।
नगर में ओवरलोड वाहनों के कारण आए दिन लगने वाले जाम आदि की समस्या से नगरवासी परेशान हैं। समस्या के निदान के लिए अग्रसेन नगर निवासी ललित कुमार अग्रवाल ने वाहनों पर रोक लगाने की मांग की थी। पूर्व में कई बार प्रशासन को पत्र भेजकर अवगत कराया गया। नगर पालिका



चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, ईओ निहाल सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा गोपाल बाग-आगरा कैनाल से राजमार्ग पर कोसी रेस्टोरेंट तक बाईपास मार्ग का निर्माण कराया गया है। जो कि आवागमन के लिए शुरू हो गया है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि बाहर से आने-जाने वाले ओवरलोड भारी वाहन नगर के अंदर से होकर गुजरते हैं, जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। चेयरमैन ने बताया कि कोई भी ओवरलोड वाहन नगर के अंदर से गुजरता मिलेगा तो प्रशासन के साथ मिलकर वाहनों को सीज कराया जाएगा।

# नंदगांव बरसाना के सेवायतों ने किया कॉरिडोर का विरोध




मथुरा। बरसाना के सेवायतों ने वृंदावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर को लेकर श्रीजी मंदिर में नंदगांव बरसाना के सेवायतों ने बैठक कर विरोध जताया। सेवायतों का कहना है कि यह कॉरिडोर मंदिरों की परंपराओं और आस्था से खिलवाड़ है। बरसाना गोस्वामी समाज के मुखिया रामभरोसी ने बताया कि ब्रज क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों के सेवायतों को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए। नंदबाबा मंदिर के सेवायत हरिमोहन शास्त्री ने बताया कि सरकार कॉरिडोर की आड़ में मंदिरों का अधिग्रहण और परंपराओं से खिलवाड़ कर रही है। भगवान दास गोस्वामी ने बताया कि मंदिर अधिग्रहण से मंदिरों के सेवायतों की जीविका सरकार छीनना चाहती है। कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शनों की व्यवस्थाओं के लिए कॉरिडोर के अलावा अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए। गोस्वामी कृष्णानंद भट्ट, हरिमोहन गोस्वामी, दानबिहारी गोस्वामी, रविशंकर गोस्वामी, भगवान दास गोस्वामी, रामहरी गोस्वामी, ललित गोस्वामी, उमाशंकर गोस्वामी, हरिमोहन शास्त्री, सुखदेव गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# मथुरा पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण, मुकदमों पर कही बात; लोगों से की अपील



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
मथुरा के वृंदावन में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह इन दिनों राजनीति से दूर रहकर आध्यात्मिक शांति की तलाश में एक दिवसीय धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचे। वह काफिले के साथ श्री लाडली निकुंज आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने संत रितेश्वरानंद महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महाराज ने बृजभूषण शरण सिंह को मोरपंख से बनी पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात पूर्व सांसद ने कहा मैं राजनीति से अलग होकर एक धार्मिक यात्रा पर निकला हूं और किसी भी राजनीतिक विषय पर चर्चा नहीं करना चाहता। मेरे गुरुजन मुझे पुत्र के रूप में मानते हैं। आज उनके दर्शन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में बृजभूषण सिंह ने अपने ऊपर चल रहे मुकदमों और चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा मुझे कभी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई, मैंने डटकर मुकाबला किया क्योंकि मैं जानता हूं कि मैं गलत नहीं हूं। उन्होंने समाज और परिवार के लोगों से अपील की कि ऐसी परिस्थिति में किसी को अकेला न छोड़ें, क्योंकि यही वह समय होता है जब लोग आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं। भारतीय कुश्ती संघ की बहाली पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि दो वर्षों की कठिनाइयों के बाद संघ अब सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एशियाई प्रतियोगिताओं में भारत को 21 पदक मिले हैं, जिनमें मथुरा की एक बेटी का नाम भी शामिल है। वहीं, बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर विवाद पर पूछे गए सवाल को उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि यह सरकार का विषय है और मैं इस समय धार्मिक यात्रा पर हूं, इसलिए इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा।

# सैन्य कल्याण कोष में पेंशनर्स संघ ने दिया 51 हजार का सहयोग



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
जालौन। गवर्नमेंट पेंशनर फैलियर ऑर्गेनाईजेशन, शाखा उरई द्वारा देश की सेवा में समर्पित जांबाज सैनिकों के कल्याण हेतु भारतीय सैन्य कल्याण कोष में 51, हजार का चेक समर्पित किया गया। यह चेक संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं उनके पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय को सौंपा गया। कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर एसोसिएशन कार्यालय में किया गया। संघ द्वारा इस अवसर पर देश व प्रदेशवासियों से अपील की गई कि वे अपने निजी खर्चों में कटौती कर इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक योगदान करें, ताकि देश की रक्षा में लगे सैनिकों के लिए सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह सहित संघ के कई सदस्य प्रयाग नारायण तिवारी, राजाराम व्यास, एम.एल. वर्मा, विनोद कुमार खरे, सत्यनारायण अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र श्रीवास्तव, राजपाल, सूरज सिंह, एस.के. पाण्डेय, एस.के. त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार गुप्ता, राजेंद्र सिंह निरंजन, दिगंबर नारायण तिवारी, एम.एस. तोमर आदि उपस्थित रहे।

# जवाहर बाग में पतंग उड़ाकर मनाया दशहरा पर्व



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
मथुरा। जवाहर बाग में पतंगों को उड़ाकर गंगा दशहरा पर्व मनाया गया। इस दौरान मॉर्निंग वॉकर्स और शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने बाग में पतंग उड़ाकर दशहरा पर्व को मेला के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने पतंग उड़ाकर किया। कार्यक्रम आयोजन प्रमुख समाजसेवी प्रमोद गर्ग कसेरे ने किया। लोगों ने कार्यक्रम का आनंद स्वल्पाहार जलेबी, कचौड़ी, फल की चाट और शिकंजी के साथ पतंगबाजी का भी आनंद लिया। मंत्री ने कहा कि समाजसेवी हो तो ऐसा जिन्होंने कोविड काल में ऑक्सीजन पुरुष, नगर में चहुंओर और पीने की पानी की व्यवस्था करके जल पुरुष की उपाधि पाई है। मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी ने भी विचार रखे। पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, उद्योगपति पवन चतुर्वेदी, कुंवर नरेंद्र सिंह, डॉ. अशोक अग्रवाल, रविकांत गर्ग, अशोक भारद्वाज, सतीश कसेरे, अजय गौतम, एडवोकेट रामसरी आदि लोग मौजूद थे।

# मथुरा के बाजारों में नगर निगम की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानदारों में मची भगदड़

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
मथुरा। महानगर के बाजारों में नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम मथुरा वृंदावन के अपर नगर आयुक्त पीसीएस अधिकारी सौरभ सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानों के सामने सड़क और फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त कर जुर्माना बतौर ?12 हजार की वसूली की गई। अपर नगर आयुक्त की इस कठोर कार्रवाई से बाजारों में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। अभियान के पश्चात खाली सड़क देखकर राहगीर काफी प्रसन्न नजर आये। नगर आयुक्त जगप्रवेश के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह के नेतृत्व में डींग गेट से भरतपुर गेट, भरतपुर गेट से



कोतवाली तथा कोतवाली से होली गेट तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानों के सामने सार्वजनिक स्थानों पर रखे गए कूलर, टेबल, कुर्सियाँ आदि समान को जब्त किया गया। साथ ही अवैध रूप से बनाए गए काउंटर, दुकानों के आगे लगाई गई जाली एवं अन्य अतिक्रमित वस्तुओं को हटाया गया। अभियान के अंतर्गत ?12,000 का जुर्माना भी लगाया गया तथा संबंधित दुकानदारों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी गई। अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह ने बताया कि महानगर में सुगम यातायात, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधा को देखते हुए नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर चलाया जाएगा। यदि बाजार में पुनः अतिक्रमण दुकानदारों द्वारा किया गया फिर बड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# ईद उल अजहा से पूर्व सभासद ने चलवाया सफाई अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। ईद के दौरान वार्ड में बेहतर साफ-सफाई को बेहतर करने को लेकर नगर पालिका के वार्ड 11 सभासद पण्डित प्रदीप भार्गव की अध्यक्षता में नगर पालिका वार्ड 11 कर्मियों की बैठक ली। बैठक के दौरान सभासद ने सभी कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड के सभी मस्जिद, एवं गलियों की समुचित सफाई होनी चाहिए। मस्जिदों के आसपास कोई न कोई सफाई कर्मी मौजूद होना चाहिए। ताकि सफाई व्यवस्था बनी रहे। नगर पालिका वार्ड 11 सभासद पंडित प्रदीप भार्गव ने लिपिक और सफाई नायक को हिदायत दी कि सफाई के पानी के टैंकर



से सड़क को अच्छे से धोया जाए, साथ लाल हरा और सफेद चूना व दवा आदि का भी छिड़काव किया जाए। पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया गया। सभासद ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सभी कर्मियों से अपनी मौजूदगी में वार्ड में सफाई अभियान चलवाया है जिसमें अच्छे से एक-एक गलियां व नालियों की सफाई कराई गई है जिसमें करीब आधा दर्जन सफाई कर्मी व सफाई नायक व लिपिक मौके पर मौजूद रहे है। सभासद ने सभी सफाई कर्मियों व नायक को वार्ड वासियों से विनम्रता से पेश आने का भी पाठ पढ़ाया। साथ ही सभासद ने कार्यरत सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ईद के दिन सुबह पांच बजे उपस्थित हों और जब तक ईद की नमाज अदा नहीं हो जाती तब तक वार्ड की सफाई व्यवस्था विशेष रूप से बनाए रखें। इस सफाई अभियान में मुख्य रूप से पालिका सफाई लिपिक अमरेश कुमार,सफाई नायक, सतीश कुमार, के साथ-साथ सफाई कर्मचारी बंटी, राजू, अजय, राकेश, राजा, सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारी पुलिस फोर्स के साथ सड़कों पर उतरे कोतवाल, सुरक्षा का कराया एहसास

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला!** ईद उल अजहा के त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कस्बे में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर व्यापारियों और कस्बे के लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी।



ईद उल अजह के त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए एसपी शामली राम सेवक गौतम ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोगों की शांति समिति की बैठक आयोजित करने के साथ ही फ्लैग मार्च करने के निर्देश दे रखे हैं। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने कस्बे के व्यापारियों और कस्बे के लोगों को सुरक्षा का एहसास कराते हुए कहा कि ईद उल अजहा के त्योहार को

## सोशल मीडिया पर कुबार्नी की वीडियो और फोटो पोस्ट ना करें।

सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। सोशल मीडिया पर कुबार्नी की वीडियो और फोटो पोस्ट ना करें। सोशल मीडिया पर साइबर पुलिस नजर बनाए हुए हैं। त्योहार पर अशांति और अफवाह फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहन चालकों को सख्त शिकायत देते हुए ट्रिपल राइडिंग न करने की अपील की। पुलिस के द्वारा किए गए फ्लैग मार्ग से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। फ्लैग मार्च के दौरान एसएसआई सुभाष सिंह, एसआई नरेंद्र वर्मा, एसआई विक्रम सिंह भाटी, एसआई अजीत सिंह, एसआई विनोद चौधरी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# नपा चेयरमैन ने सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को किया सस्पेंड

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। नगरपालिका परिषद कैराना के अध्यक्ष शमशाद अहमद ने पालिका के सफाई विभाग में तैनात सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया है। कार्य के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने के आरोप में उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। जलकल विभाग के लिपिक तासीम अली को सफाई विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। नपा अध्यक्ष की कार्यवाही से पालिका कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

विगत चार जून को नपा चेयरमैन शमशाद अहमद की ओर से एक निलंबन आदेश जारी किया गया है। बताया कि नगर के बाशिंदों व सभासदों के द्वारा प्रतिदिन उनके कैम्प कार्यालय पर पहुंचकर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों-गलियों आदि की सफाई न होने की शिकायत की गई। उक्त कार्य के सम्बंध में उन्होंने पालिका के सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को कई बार मौके पर पहुंचकर साफ-सफाई करवाने व निरीक्षण करने के मौखिक निर्देश दिए गए, परन्तु लिपिक के द्वारा उनके निदेशों का अनुपालन नही किया गया। बरसात के मौसम के दृष्टिगत नगर के छोटे-बड़े नालों व नालियों की सफाई कराने का कार्य समय से पूर्ण नही किया गया, जिसके चलते नगर में हो रहे जलभराव से पालिका की छवि धूमिल हो रही है। चेतावनी दिए जाने एवं सचेत करने के बावजूद सफाई लिपिक ने अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नही किया। लिपिक के द्वारा कार्यालय में बैठकर राजनीति करने के अलावा कोई कार्य नही किया गया। शिकायतों के मद्देनजर एवं निदेशों की अवहेलना किये जाने का दोषी पाए जाने पर सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं, नगरपालिका में तैनात जलकल लिपिक तासीम अली को सफाई विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। निलंबन की अवधि के दौरान लिपिक को प्रतिदिन पालिका के कर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

# निर्जला एकादशी पर मनुष्य सहित पशु पक्षियों को भी बांटा गया शरबत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला! कस्बे में निर्जला एकादशी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। नगर के माता वैष्णो देवी माता शीतला मंदिर , मेंन बाजार, दिल्ली सहारनपुर रोड सहित विभिन्न स्थानों पर मीठे शरबत व्यवस्था की। सभी स्थानों पर निर्जला एकादशी के उपलक्ष में मीठे शरबत का वितरण किया गया। सुबह से लेकर शाम तक शरबत वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। वही नगर के पशु, पक्षी प्रेमियों ने सार्वजनिक स्थानों पर निराश्रित घूमने वाले पशुओं के लिए हरे चारे में मीठे शरबत की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी पर लोग मनुष्यों को तो शरबत पिलाते हैं, लेकिन बेजुबान जानवरों की ओर कम ध्यान देते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं ने मुख्य बाजार, रेलवे लाइन, बाईपास पर गायों के लिए चारा वितरण का प्रबंध किया। नगर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने दिल्ली बस स्टैंड रेलवे स्टेशन सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर छबील लगाकर शरबत का वितरण किया।

# पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने सुनी आमजन की समस्या,-कैंप कार्यालय में क्षेत्रवासियों की सुनी समस्याएं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। कैराना संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर निस्तारण करने पर जोर दिया।

कैराना लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने शामली में स्थित कैंप कार्यालय पर पहुंचकर जनता से मुलाकात उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं से अवगत कराया। वहीं संज्ञान लेकर निस्तारण करने के लिए जोर दिया। क्षेत्रवासियों को सदैव निष्पक्ष व जनता के बीच रहकर चौबीस घंटे कार्य करने का आश्वाशन दिया। उन्होंने कहा कि वह ऐसा कोई भी काम नहीं करेंगे, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर आंच आए। कैराना विधानसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी अनिल चौहान से आगामी जिलापंचायत चुनाव व वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए कैराना सीट पर भारतीय जनता पार्टी की मजबूती से कार्य कर सफलता के लिए खूब विचार मंथन हुआ। इस दौरान भाजपा कंडेला मंडल अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह चौहान एडवोकेट, भाजपा कैराना मंडल अध्यक्ष आलोक मित्तल, प्रताप चौधरी, आलोक चौधरी आदि समर्थक मौजूद रहें।

# ईदगाह का निरीक्षण करके परखी व्यवस्था, दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। ईद-उल-अजहा पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत एसडीएम व सीओ ने ईदगाह मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों को ईद-उल-अजहा की नमाज के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।



शनिवार को नगर एवं क्षेत्र में मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सजग नजर आ रहा है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को एसडीएम निधि भारद्वाज व सीओ श्यामसिंह कस्बे के ईदगाह मैदान पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने ईद-उल-अजहा के पर्व को लेकर नगरपालिका की ओर से की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की जांच की। अफसरों ने आसपास के लोगों से भी बातचीत की। साथ ही, पालिका प्रशासन को पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, स्थानीय लोगो ने सीओ से मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

# अवशेष दबाने के लिए पालिका ने खुदवाए गड्ढे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। ईद-उल-अजहा के पर्व पर अवशेष दबाने हेतु नगरपालिका ने विभिन्न स्थानों पर गड्ढे खुदवाए हैं। पालिका प्रशासन ने अवशेष खुले में न फेंकने की अपील की है।

ईद-उल-अजहा के पर्व पर तीन दिनों तक मवेशियों की कुबार्नी का सिलसिला चलता है। कुबार्नी के बाद लोग इधर-उधर अवशेष न फेंके,इसके लिए नगरपालिका की ओर से कदम उठाया गया है। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद के निर्देशन में पालिका के सफाई नायकों की देखरेख में भूरा रोड़,कांधला रोड़ व खुरगान रोड़ सहित स्थानों पर जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवाए गए हैं। इन गड्ढों में मवेशियों की कुबार्नी किए जाने के बाद अवशेषों को दबाया जाएगा। सफाई लिपिक ने बताया कि अवशेषों के लिए गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। उन्होंने अवशेषों को इधर-उधर नहीं फेंकने की भी अपील की है।

# पांच किसानों की ट्यूबवेल से उपकरण व तार चोरी

कांधला! थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान व सल्फा में 5 किसानो की ट्यूबवेल से अज्ञात चोरों ने स्टार्टर व तार चोरी कर लिए है। घटना के संबंध में पुलिस ने पीड़ित किसान की तहरीर पर मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। अज्ञात चोरों के गिरोह थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतो में धावा बोलकर किसानों के ट्यूबवेल को अपना निशाना बना चुके है। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी इन्द्रपाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रात्रि में चोरो द्वारा पीड़ित किसान सतपाल, स्योराज, सेठपाल, व सल्फा निवसी पीतम सिंह, इंद्रपाल की ट्यूबवैल से स्टार्टर, केबिल व कटाउट अन्य कीमती उपकरणों को चोरी कर अपने साथ ले गए। पीड़ित किसान जब खेत पर पहुंचे तो उन्हें ट्यूबवेल में चोरी की घटना की जानकारी हुई। घटना पर पीड़ित किसानों ने गहरा रोष व्यक्त पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कस्बा कैराना में ईद-उल-अजहा की नमाज के वक़्त (समय) इस प्रकार हैं:

ईदगाह - 6:15 बजे
जामा मस्जिद - 6:45 बजे
मदरसा इशा-अतुल-इस्लाम - 9:00 बजे
मस्जिद रहमतुल्लाह दरबार खुर्द - 6:15 बजे
मस्जिद दरबार - 6:20 बजे
मस्जिद रशीदिया (निज्द तालाब) - 6:20 बजे
मस्जिद तकि या वाली (निज्द भारत टेंट) - 6:20 बजे
मस्जिद गली - 6:30 बजे
मस्जिद मक्की - 6:20 बजे
मस्जिद सराय - 6:30 बजे
मस्जिद एम.पी. वाली - 6:30 बजे
मस्जिद जामि-अतुल-इमाम रहमतुल्लाह इस्लामिया (चीनी मिल, कांधला रोड) - 7:00 बजे
मस्जिद शामली बस स्टैंड - 6:20 बजे

# खोखरी नदी किनारे भारी टायर फैक्ट्री पर एनजीटी सख्त, पर्यावरणीय मंजूरी पर उठे सवाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

चौसाना।, शामली जिले के सकौती गांव में खोखरी नदी के पास बन रही एक भारी क्षमता वाली टायर पायरोलिसिस फैक्ट्री पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी की प्रधान पीठ ने डॉ. अमित कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए फैक्ट्री निर्माण को लेकर गंभीर पर्यावरणीय सवाल उठाए हैं और सभी संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

यह फैक्ट्री एम/एस अडिदेवा कार्बन एलएलपी द्वारा 230 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता के साथ बनाई जा रही है, जो खोखरी नदी से महज 40 मीटर की दूरी पर

## खोखरी नदी किनारे भारी टायर फैक्ट्री पर एनजीटी सख्त, पर्यावरणीय मंजूरी पर उठे सवाल

स्थित है। याचिका में कहा गया है कि फैक्ट्री का निर्माण पर्यावरण मानकों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। गाइडलाइन के अनुसार, ऐसे पायरोलिसिस प्लांट्स केवल अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में ही लगाए जा सकते हैं, लेकिन यह प्लांट न तो औद्योगिक क्षेत्र में आता है और न ही इसकी कोई सार्वजनिक जनसुनवाई कराई गई।

याचिकाकर्ता अमित कुमार ने दावा किया कि यह निर्माण कार्य न केवल खोखरी नदी को दूषित कर सकता है, बल्कि आसपास के मंदिर, स्कूल और रिहायशी इलाकों के लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि खोखरी नदी के संरक्षण के लिए एनजीटी पहले ही आदेश जारी कर चुका है (मामला संख्या 201/2024), और अब उसी के किनारे भारी प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

एनजीटी की प्रधान पीठ जिसमें अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल शामिल हैं, ने स्पष्ट कहा कि मामला पर्यावरणीय मानकों की अवहेलना से जुड़ा गंभीर विषय है। पीठ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से यह जवाब मांगा है कि बिना सिटिंग क्राइटेरिया की जांच के आखिर इस फैक्ट्री को कंसेंट टू एस्टैब्लिश कैसे जारी कर दिया गया।

एनजीटी ने सभी संबंधित विभागों को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 2 सितंबर 2025 तय की है और निर्देश दिया है कि सभी पक्ष समय पर अपना जवाब दाखिल करें। यदि यह साबित होता है कि फैक्ट्री पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करके बनाई जा रही है, तो निर्माण कार्य पर रोक के साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

# किसानों को एकजुट करने खोड़समा पहुंचे राकेश टिकैत

## सरकार किसान विरोधी कानून लाएगी तो होगा जबरदस्त विरोध : टिकैत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

,चौसाना।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने शुक्रवार को क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसभाएं कर किसानों से संगठन को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान अगर संगठित रहेंगे तो कोई भी सरकार उनकी अनदेखी नहीं कर सकती। खोड़समा, टोडा, सकोती, कमालपुर समेत कई गांवों में हुई सभाओं में किसानों की भारी भीड़ उमड़ी।

खोड़समा गांव में आयोजित कार्यक्रम नवाब राणा के आवास पर हुआ, जिसकी अध्यक्षता करनैल सिंह ने और संचालन मास्टर जाहिद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि किसान ही देश की रीढ़ हैं, लेकिन सरकारें बार-बार किसानों के हितों को नजरअंदाज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार कोई भी किसान विरोधी बिल लाएगी, तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। टिकैत ने कहा, हम किसी राजनीतिक पार्टी के विरोधी नहीं हैं, हम उनके



विरोधी हैं जो किसानों के खिलाफ काम करते हैं। हमने कांग्रेस के खिलाफ भी छत्तीसगढ़ में तीन साल तक धरना दिया था। अगर भाजपा भी किसानों की अनदेखी करेगी, तो उसका भी विरोध होगा। सभा में उन्होंने एक दिलचस्प उदाहरण देते हुए कहा, किसान दिनभर मेहनत कर दूध निकालते हैं और उसे बाजार में 40 रुपये लीटर बेचते हैं, लेकिन जब घर में कोई मेहमान आता है, तो बाजार से 50 रुपये की कोल्ड ड्रिंक लाकर पिलाते हैं। अब वक्त आ गया है कि हम अपनी चीजों को महत्व दें। मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक की जगह अपने घर का दूध और लस्सी पिलाएं। इससे खर्च भी कम होगा और अपनी उपज का सम्मान भी बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। बंटे हुए किसान का कोई सुनवाई नहीं करता, लेकिन जब किसान एकजुट होता है तो सरकारें भी झुकती हैं। टिकैत ने किसानों से अपील की कि वे अपने हक की लड़ाई को समझें और गांव-गांव में संगठन को मजबूत करें। सभा के दौरान चौधरी राकेश टिकैत के साथ कई प्रमुख किसान नेता व गणमान्य मौजूद रहे। इनमें कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, नवाब राणा खोड़समा, विनोद प्रधान, जाबांज प्रधान, जुनेद, शौकीन, शहादत, नाजिम, मास्टर सुन्दरलाल कमालपुर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सभा में उठी ग्रामीण मुद्दों की भी आवाज-जनसभा में किसानों ने बिजली की अनियमित आपूर्ति, खेतों में आवारा पशुओं का आतंक और खाद-बीज की कालाबाजारी जैसे मुद्दे भी उठाए। टिकैत ने इन समस्याओं को लेकर जल्द ही जिला स्तर पर आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी।

# मरम्मत की जगह नए निर्माण में फिजूल खर्ची कर रही है कृषि उपज मंडी

## फिजूल खर्ची या फिर पैसे कि खुली लूट

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

अलवर कृषि उपज मंडी वर्तमान में असुविधाओं का गढ़ बन चुकी है। जहां शौचालय और पानी जैसी छोटी-मोटी सुविधाएं भी विकराल रूप ले चुकी है। ना तो किसानों और व्यापारियों के पास शौचालय की कोई अच्छी सुविधा है और ना ही अच्छे और शुद्ध पानी की व्यवस्था है। कृषि उपज मंडी समिति के द्वारा किसान और व्यापारियों को सुविधाएं देने की बात तो होती है लेकिन सुविधा नहीं दी जाती है। अब वर्तमान में सुविधा के नाम पर एक नई लूट की जा रही है। जहां पुराने सही हालत में मौजूद शौचालय मरम्मत से सही किए जा सकते थे उन्हें नजरअंदाज करके एक नए शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। जबकि पुराने शौचालय जो की सही स्थिति में थे उनका ही सही इस्तेमाल करके या उनकी मरम्मत करवा कर उन्हें ही सही तरह से इस्तेमाल किया जा सकता था लेकिन उनका इस्तेमाल सही तरह से न करने की वजह से आज वह खंडहर बन चुके हैं और इसी का फायदा उठाकर कृषि उपज मंडी समिति नया शौचालय बनाकर सरकार का पैसा बर्बाद करने पर तुली हुई है जो की जनता के टैक्स के पैसे की खुली लूट है।

# स्वामी जीवनमुक्त महाराज का तीन दिवसीय बरसी उत्सव , प्रभातफेरी के साथ शुरू।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

खैरथल।? शहर स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम (डिब) में स्वानी जीवनमुक्तमहाराज जी का 46 वां बरसी उत्सव शुक्रवार को प्रभातफेरी के साथ प्रारम्भ हुआ। प्रमुख सेवादार राहुल लालवानी व ललित भूरनी ने बताया कि स्वामी जीवनमुक्त महाराज जी का 46 वां बरसी उत्सव शुक्रवार को बड़े हर्षोउल्लास से मनाया गया इस दौरान संत मनोहर लाल,संत हरिओम लाल, आश्रम के संत हरिइन्द्र प्रेमप्रकाशी, संत उमेशलाल प्रेमप्रकाशी के सानिध्य में प्रातः 5 बजे प्रभातफेरी निकली गई। इस दौरान सतगुरु स्वामी टेऊराम जी महाराज, स्वामी जीवनमुक्त महाराज जी की शोभायात्रा कस्बे के पुरानी आबादी खैरथल गांव,हरसोली रोड,आनंद नगर कॉलोनी,



झूलेलाल मंदिर, के.जी. रोड पर सिन्धी समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मुखी दिनेश रामेजा,सेवक लालवानी, तेजुमल रोघा,तुलसीदास भूरानी, भगवानदास रामवानी,यशपाल किशनानी, नवल लखानी, हुकुमतराय किशनानी,बोनी जयवानी, लोकेश भूरानी, तुलसीदास भूरानी, दिनेश किशनानी, लालचंद चंगानी,सोनी पोपटानी,विक्की लालवानी, विनोद नाजवानी,राहुल लालवानी, पिकु मंगलानी, प्रमोद केवलानी, दिनेश माखीजा,कारा मुरजानी ने व्यस्थाओं में सहयोग किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वर्चुअल संगोष्ठी आयोजित, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अलवर। सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्याम साहित्य दर्पण काव्य मंच? के बैनर तले पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संस्था की राष्ट्रीय संरक्षिका व वरिष्ठ कवयित्री डॉ. संगीता पाल ने किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तराखंड से विजय लक्ष्मी गुसाईं ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधे लगाना ही बहादुरी का कार्य नहीं, बल्कि उस लगाए गए मासूम पौधे को हम किस तरह सुरक्षित बचा पाते हैं, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. रवि घायल, कृष्ण कुमार मौर्य सरल, परम पूज्य दीदी मां सुनीता, देवी लाल बैरवा, प्रो. सुषमा देवी, डॉ. भारती गुप्ता, सीमा अग्रवाल, सविता रतूड़ी, प्रतिमा पाठक, नेहा कुमारी, कविता चौधरी, रश्मि पैन्यूली, सीमा कालरा, राम जतन पाल, अनुपम शुक्ला, रमेश चंद्रा, प्रो. आशा पंकज मूंदड़ा मौजूद रहे।

# श्री कल्याण धाम में हुआ निर्जला एकादशी का विशेष उत्सव

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

सीकर। श्री कल्याण धाम सीकर में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में निर्जला एकादशी के अवसर पर हुआ विशेष उत्सव जिसमें श्री कल्याण जी महाराज को ठंडे पेय पदार्थ का भोग लगाया गया एवं आम इत्यादि फल फूलो से भव्य श्रृंगार किया जाएगा साथ ही प्रातः 8:30 बजे श्री कल्याण धणी की दिव्य महाआरती की गई इस दौरान भक्तों का जन सैलाब उमड़ा और सभी ने कल्याण धणी का दिव्य दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि निर्जला एकादशी पर निर्जल रहकर व्रत करने का विशेष महत्व होता है यह एकादशी साल में आने वाली बड़ी एकादशी में से एक है



निर्जला एकादशी पर कल्याण धणी दिव्य स्वरुप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं।

# विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

खैरथल। नगरपरिषद के वार्ड सं.19 के निवासियों ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वार्ड में विकास कार्य नहीं होने की शिकायत की है। वार्डवासी महमुदा खान ने बताया की वार्ड में सड़कें, पेयजल की व्यवस्था की गंभीर समस्या हो रही है।? पत्र में बताया की जन समस्याओं को लेकर जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर खैरथल तिजारा तथा नगरपरिषद आयुक्त को व्यक्तिगत तौर पर अवगत कराया गया है लेकिन इस वार्ड की अन्य वार्डो की अपेक्षा में अवेहलना होती रही है।

पत्र में बताया की ठेकड़ा वार्ड 19 में जुम्मा मस्जिद का रास्ता जो आजादी पूर्व का है पर आज भी सड़क निर्माण नही हुआ है रास्ते में कीचड़,गढ्?डों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल होता है स्कूली बच्चो को परेशानी होती है वार्ड के अन्य कच्चे रास्तो पर भी रोड़ बनवाई जाने की मांग की है वही पेयजलापूर्ति के लिए वार्ड में पाइपलाईन नहीं डाली गई हैं जिससे बड़ी परेशानी उठानी लोगो को उठानी पड़ रही हैं गर्मी में तो ये वार्ड टैंकर के पानी सप्लाई पर ही निर्भर है अतः पाइप लाइन डलवाई जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

# निर्जला एकादशी पर ठंडे शरबत सेवा



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सीकर। निर्जला एकादशी के अवसर पर महाराजा सूरजमल कॉलोनी वासियों ने मिलकर किया सेवा कार्य इस अवसर पर इंजीनियर मनीष ढाका ने बताया कि आज सभी कॉलोनी वासियों ने मिलकर जल व शरबत पिलाकर किया सेवा कार्य किए कॉलोनी के सभी प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें से मुख्य दयाराम पूनिया,सुरेंद्र झाझरिया फौजी,हरकेश धनखड़ हरियाणा, अनूप शेरावत प्रधान हरियाणा, कृष्ण ठेकेदार, संत यादव,सुरेश कुमार, राजेश डॉक्टर,शीशराम, रोहतास ढाका, नरेंद्र थानेदार आदि सभी उपस्थित रहे।

## चिरंजीवी योजना पुनः शुरू करने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

जयपुर। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रवि सिकदर ने आरोप लगाया कि भजनलाल शर्मा सरकार ने सत्ता में आते ही गरीबों के लिए राहतकारी चिरंजीवी योजना को बंद कर दिया, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों का इलाज बाधित हो गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को फिर से लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जयपुर कलेक्ट्रेट के बाहर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।

# निर्जला एकादशी पर मीठा जल पिलाकर खूब कमाया पुण्य



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

खैरथल। शुक्रवार को खैरथल शहर में निर्जला एकादशी पर धार्मिक आयोजनों की व्यस्तता रही। जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। मंदिरों में भजन, कीर्तन और सत्संग में माहौल भक्तिमय हुआ। मंडी स्थित श्याम प्रभू मंदिर पर केला, खरबूजा, तिरंगा बाजार में तरबूज वितरित किए गए। वहीं बहुत से लोगों ने मटके और जरूरतमंदों को वस्त्र के साथ खाने का सामान दान किया। इसके अलावा अन्य दिनों की तुलना में शुक्रवार को मिट्टी के मटके, तरबूज, खरबूज, आम सहित अन्य फलों की भी अच्छी बिक्री हुई। भीषण गर्मी में राहगीरों को भी मीठा पानी पीने को मिला तो उन्होंने भी आयोजकों का आभार जताया। इस अवसर पर त्रिलोक चंद शर्मा के सहयोग से राहगिरों को शर्बत पिलाया गया मौके पर अध्यक्ष रामसिंह शर्मा, बी एन अवस्थी, प्रेम कौशिक, अर्जुन सेन,राकेश शर्मा,विजेंद्र शर्मा,सोनू शर्मा ने सेवाभाव से सेवा दी।

# सिंगरौली विधायक ने योगा फाउंडेशन अध्यक्ष दीपा सिंह को किया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली। विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर जिले भर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया तथा जिसमे जिला प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं के लोगो ने वृक्षारोपण कर वृक्ष है तो जीवन है का संदेश देकर लोगो से अपील किए है कि जीवन को सुखद जीना है तो कम से कम दो पौधे सभी लोग अपने विशेष कार्यक्रम अवसर पर जागरूक करने का भी प्रयास करे ।इसी क्रम में योगा फाउंडेशन सिंगरौली अध्यक्ष दीपा सिंह जो योग के छेत्र में अच्छा कार्य कर समाज एवम स्वयं को स्वस्थ , फिट रहने जिला मुख्यालय बैढ़न में योग कक्षा संचालित कर संदेश देने का कार्य कर रही है।

वही वृक्षारोपण कार्यक्रम दौरान सिंगरौली विधायक राम निवास शाह एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश द्विवेदी , नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय , सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह , जन अभियान परिषद जिला समन्वयक राज कुमार विश्वकर्मा एवम अधिवक्ता संघ सिंगरौली पूर्व उपाध्यक्ष अवनीश दुबे के हाथो प्रमाण पत्र देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया वही योगा फाउंडेशन सिंगरौली अध्यक्ष दीपा सिंह के उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए । वही योगा फाउंडेशन की टीम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह परिहार , सचिव ज्योत्सना सिंह , महासचिव डी.पी चौधरी तथा आराधना पटेल , सुरेश कुमार , रश्मि मिश्रा , मीनू पांडेय , जिला योग समिति सिंगरौली मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी सहित जिले के शुभ चिंतको ने भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए है ।

# बैतूल पर्यावरण दिवस पर ओम आयुर्वेदिक कॉलेज ने रोपे 100 औषधीय पौधे

## रैली निकालकर प्लास्टिक हटाओ का दिया संदेश, कढाई क्षेत्र में बांटे 25 औषधीय पौधे



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर द्रव्यगुण विभाग, ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, भारत-भारती, जामठी द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज परिसर में कुल 100 महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक पौधों को लगाया गया। साथ ही 25 औषधीय पौधों को पास के कढाई क्षेत्र के नागरिकों में वितरित किया गया और उन्हें औषधीय पौधों के उपयोग एवं महत्व की जानकारी दी गई।

संस्था अध्यक्ष सोनू पाल तथा कॉलेज प्राचार्य डॉ. विरेन्द्र शाह के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने कॉलेज द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें प्लास्टिक हटाओ, जीवन बचाओ का नारा दिया गया। इस रैली के माध्यम से कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक जिंगरवार एवं डॉ. संदीप पाल द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। इस आयोजन में बीएएमएस द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं सहित कॉलेज के सभी शिक्षकगण व कर्मचारी वर्ग सक्रिय रूप से शामिल रहे।

**- पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित**

इसके अतिरिक्त, 6 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बी.ए.एम.एस. द्वितीय वर्ष की कक्षा में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाओ, हरियाली बढ़ाओ जैसे विषयों पर सुंदर एवं प्रेरणादायक पोस्टर प्रस्तुत किए।

# पार्षद प्रेमसागर ने सफाई मित्र को उपहार में दिया सायकिल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली जहां सेवा और समर्पण का भाव होता हैं वहां परिणाम भी शानदार होता है। आज ऐसा ही नजारा सुबह-सुबह नगरपालिक निगम सिंगरौली के मुख्यद्वार पर देखने को मिला। जहां पर वार्ड पार्षद प्रेमसागर मिश्रा के द्वारा सफाई मित्र विजय के लगन और मेहनत को देखकर उपहार स्वरूप एक साइकिल उनके द्वारा भेंट की गई। आपको बता दे की सफाई मित्र को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था जिसको देखते हुए वार्ड पार्षद प्रेमसागर मिश्रा ने आज सुबह अनिल वैश्य, परमेश्वर पटेल, रविंद्र पटेल अन्य साथियों के साथ सफाई मित्र का सम्मान किया। वहीं सफाई मित्र के द्वारा वार्ड पार्षद प्रेम सागर मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# बैतूल समाजसेवी दीपाली डागा ने किया सार्वजनिक नल कनेक्शन का लोकार्पण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रागेश्वर शिव मंदिर प्रांगण ग्रीन सिटी प्रागा होम्स कॉलोनी में विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य श्री बालकृष्ण उद्यान के सामने और क्रांतिकारी भगत सिंह उद्यान के सामने शरद परिहार के जन्म दिवस पर नारियल के पौधे का रोपण किया गया।



पौधारोपण कार्यक्रम के बाद क्रांतिकारी भगत सिंह उद्यान और छत्रपति संभाजी महाराज उद्यान में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा ने सार्वजनिक नल कनेक्शन का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। आयोजन में प्रशांत राजपूत, राकेश गुप्ता, सुभाष पवार, संतोष तोमर, उदित तोमर, सावित्री विनोद परिहार, अजय मालवीय, दीपिका मालवीय, विनय शर्मा, अनुराग दुबे, सावित्री तोमर, नित्यानंद उपाध्याय, राम सोलंकी महोबे, श्रेया दुबे, विनोद परिहार, उदित तोमर, गुरुवक्ष पाटिल, पुष्पा पाटिल, संतोष तोमर, रमाशंकर अग्निहोत्री, दिनेश ढलते, घनश्याम घोडकी, विनोद अतुलकर, दुलारी शेषकर, श्रवण कुमार, रूपेश कुमार पाटिल, संतोष सोनारे और अरुण सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे और पौधारोपण को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे


# मॉंयल तिरोड़ी खान को मिला मध्य प्रदेश पर्यावरण सम्मान:-खान प्रबंधक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बालाघाट।? विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर भोपाल में आयोजित भव्य समारोह में खनन परिचालन के पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में मॉयल तिरोड़ी खान को मध्य प्रदेश पर्यावरण पुरस्कार 2022-23 से सम्मानीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हस्ते सम्मानित किया गया उक्त सम्मान को प्राप्त करने के लिए पहुंचे अधिकारियों में मॉयल मुख्यालय से कार्यकारी निदेशक प्रशांत करैया व



महाप्रबंधक सुरक्षा विकास परिदा एवं खान प्रबंधक तिरोड़ी खान मनीष ढ़ोके द्वारा उक्त सम्मान को ग्रहण किया गया। यह सम्मान विश्व स्तर पर पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के प्रयासों, मॉयल द्वारा अपनाई जा रही खनन पद्धति के साथ-साथ हरित पहल के प्रति समर्पण को मान्यता देता है, खान प्रबंधक महोदय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉयल तिरोड़ी खान में जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, अवशिष्ट प्रबंधन एवं हरित आवरण को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं और जारी है जिसके मद्देनजर यह पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला।










# बकरीद को लेकर पथरगामा में फ्लैग मार्च शांति और सौहार्द का दिया गया संदेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

गोड्डा,पथरगामा। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन रहा सक्रिय, सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील। आगामी बकरीद पर्व को लेकर पथरगामा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च गोड्डा पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व गोड्डा एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने किया। मार्च के दौरान एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने आम लोगों से संवाद करते हुए कहा कि किसी



भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ संदेश को सोशल मीडिया पर साझा न करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास करता है या सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीपीओ ने यह भी कहा कि पथरगामा प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही बकरीद की शुभकामनाएं भी दीं। फ्लैग मार्च में प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। इनमें पथरगामा प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम, पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु देव चौधरी, थाना प्रभारी मनोहर कुमार, अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल, राम विनय सिंह, सहायक अवर निरीक्षक नारद कुमार और मनोज पासवान समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की हुई बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान स्थापना उपसमाहर्ता के द्वारा सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए विभिन्न विभाग, कार्यालयों से प्राप्त आवेदन-प्रस्ताव को समिति के समक्ष रखा गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अनुकंपा से संबंधित सभी आवेदनों और प्रस्तावों पर विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में 10 मृत कर्मचारियों के आश्रितों को विभिन्न विभागों में तृतीय, चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति करने को लेकर विचार विमर्श कर सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई की दिशा में संबंधित विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त गोड्डा, स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता मुर्मू, सिविल सर्जन गोड्डा, डॉ० अनंत कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, आलोक वरण केसरी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# पोड़ैयाहाट राइस मिल का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा : पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत अनीता राइस मिल का उपायुक्त के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान राइस मिल संचालक द्वारा खरीफ वर्ष 2023-24 व 2024-25 में किए गए उठाव के संबंध में जानकारी ली गई। वहीं उपायुक्त के द्वारा धान के संबंध में जानकारी लेते हुए राइस मिल परिसर एवं गोदाम में भंडारित धान का भौतिक सत्यापन कर मिल संचालक को 2023-24 व 2024-25 के धान को अलग और व्यवस्थित गणना योग्य स्टैकिंग कराने के निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के क्रम में राइस मिल के संचालक को चावल आपूर्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मिलों में तैयार हो रहे चावल के स्टॉक की समीक्षा की और भंडारण व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने पैक्स के माध्यम से धान की उपलब्धता में आ रही कठिनाइयों की भी पड़ताल की और समन्वय बनाकर समस्या का शीघ्र समाधान निकालने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की योजनाओं को समयबद्ध तरिके से संपन्न किए जाएं। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता गोड्डा, श्रवण राम, अनीता राइस मिल के संस्थापक सहित अनीता राइस मिल के कर्मीगण मौजूद थे।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय काशीटार में किया गया वृक्षारोपण



**, नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जामताड़ा (झा०खं०), करमाटांड़ प्रखण्ड क्षेत्र के कांसीटार गांव उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण का कार्य शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा किया गया। वही प्रधानाध्यापक अमरनाथ दास ने बताते हुए कहा कि, हमारे जीवन में पेड़ पौधा बहुत ही अति आवश्यक है, अगर सभी लोग अपने मां एवं बच्चे या घर के कोई भी परिवार के जन्मदिन पर एक-एक पेड़ अगर रोपण करने लगेगा तो आने वाले समय में हर घर में बहुत सारे पेड़ हो जाएंगे, पेड़ पौधा द्वारा हम लोगों को शुद्ध वातावरण समय पर वर्षा साथी कई प्रकार के फल फूल भी खाने को मिलता है।

# सांसद विजय हसदा ने आम-जनों की समस्याओं से हुए रूबरू

## निष्पादन हेतु अधिकारियों को की ताकीद



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ सर्किट हाउस में राजमहल संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक लगाये सांसद विजय हसदा ने दूर-दराज से आये आम-जनों की समस्याओं से रूबरू होने के पश्चात समस्या के तदनुरूप सम्बन्धित अधिकारियों को यथाशीघ्र निष्पादन कराने की ताकीद की। इस दौरान कुछ जनसमस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से कराया। सांसद विजय हसदा ने आम-जनों की सुविधार्थ में उपस्थित अधिकारियों से ताकीद करते हुए कहा कि कार्यालय में आये किसी भी जनसमस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए एक सकारात्मक वातावरण स्थापित करने का अहम भूमिका सुनिश्चित करे। जिससे पाकुड़ की सार्वांगीण विकास में एक उत्कृष्ट आयाम स्थापित की जा सके। वही सांसद विजय हसदा ने कहा कि जब भी हम क्षेत्र का दौरा किया करते हैं आमजनों की समस्याओं से रूबरू होने के पश्चात निवारण की दिशा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया करते हैं। साथ ही क्षेत्र की सार्वांगीण विकास के ध्यानार्थ मूलभूत सुविधाओं को स्थापित करने का सदा प्रयत्न करते हैं। और उसका असर क्षेत्र के आमजनों को धरातल पर दिखाई दे रहा है है। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर और बाहर दोनों पटल पर जनमुद्दों को दृष्टिपात किया और करते आ रहे हैं।

लेकिन कहीं न कहीं केन्द्र सरकार की अनदेखी नजर आयेगी। मौके पर जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष मुस्लेहुदद्दीन शेख , उमर फारूक, पीटर मरांडी, लखन हेम्ब्रम, मुसरफ हुसैन आदि समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

# ईद को लेकर थाना प्रभारी/ बीडीओ/सीओ अलर्ट पर, सोशल मीडिया पर प्रशासन की है नजर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

पाकुड़ (झा०खं०), बकरीद ईद के मद्देनजर विधि व्यवस्था के सफल संधारण हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी थाना प्रभारियों/ बीडीओ - सीओ एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस





पदाधिकारी की ब्रीफिंग समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के द्वारा की गई। सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सुरक्षा के ध्यानार्थ सख्त ताकीद भी की।

# उपायुक्त ने किया प्रखण्ड कार्यालय अमड़ापाड़ा का औचक निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), गुरुवार देर शाम को उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रखण्ड कार्यालय अमड़ापाड़ा का निरीक्षण किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रखंड में किए जाने वाले कार्यों की कर्मचारियों से विस्तार से जानकारी ली। प्रखण्ड कार्यालय में उपायुक्त ने आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, उपस्थिति पंजी, सूचना अधिकार पंजी, कैशबुक, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉगबुक, जनशिकायत



पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक की अद्यतन स्थिति आदि की जांच की। जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी लेने के साथ-साथ उपायुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली को और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने को कहा। उपायुक्त ने कहा की प्रखंडकर्मी अपने-अपने कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें।लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो इसका विशेष ध्यान रखें।उपायुक्त ने प्रखंड परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात उपायुक्त ने प्रखण्ड परिसर में वृक्षारोपण किया।

# बकरीद ईद को लेकर सुरक्षा के ध्यानार्थ डीसी-एसपी ने की फ्लैग मार्च, चप्पे-चप्पे पर है

## पुलिस की तैनाती, हर गतिविधियों पर प्रशासन की है पैनी नजर

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), बकरा ईद को लेकर जिला प्रशासन एक्टिव नजर आ रहे हैं, सुरक्षा के साथ विधि व्यवस्था सांध्यानार्थ में डीसी मनीष कुमार व एसपी निधि द्विवेदी ने शुक्रवार शाम को जिले के विभिन्न चौक- चौराहों, सेंसिटिव एरिया अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा के ध्यानार्थ हर दृष्टि से सभी स्थानों का बारीकी से निरीक्षण भी किया। इस दौरान काफी संख्या में मौजूद सुरक्षा बलों के द्वारा हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। ईद- पर्व को लेकर हर गतिविधियों की सीसीटीवी कैमररे के साथ - साथ आसमान से भी ड्रोन कैमरा से हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। हर गतिविधियों के साथ साथ हुड़दंग मचाने वाले मनचलों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर है नजर है। वही डीसी - एसपी जिला वासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए शान्ति पूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए हर्षोल्लास के साथ बकरीद ईद मनाने की अपील की है। साथ ही असमाजिक तत्वों समेत हर गतिविधियों सहित हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। अप्रिय गतिविधि पर तुरन्त प्रशासन को सूचित करने की अपील की। ताकि ससमय अवधि में ही अप्रिय गतिविधि पर निपटने के साथ बेहतरीन आयाम स्थापित करने में प्रशासन अपने भुमिका सुनिश्चित करते हुए सकारात्मक आयाम स्थापित कर सके।

# 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर खाद्य मानकों के प्रति लोगों को किया जायेगा जागरूक : खाद्य आयुक्त



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गाजियाबाद। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय जनपद गजियाबाद ने अवगत कराया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जायेगा। जिसका उद्देश्य खाद्य पदार्थों के निमातीओं, आपूर्तिओं एवं उपभोक्ताओं के मिलावट के विरूद्ध खाद्य मानको के प्रति जागरूक करना है, जिससे अशुद्ध एवं अवमानक खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों के खतरे को कम किया जा सके। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की इस वर्ष की थीम फूड सेफ्टी साइस इन एक्शन निर्धारित की गयी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद गाजियाबाद द्वारा आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों को उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत मिलावट खोरो के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही तथा खाद्य कारोबारियों आम जनता को 'सुरक्षित खाद्य की स्वास्थ्य का आधार है₹ का सन्देश देते हुए उन्हें मिलावटी एवं अवमानक खाद्य पदार्थों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विगत वर्ष में खाद्य विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पाद, खाद्य तेल, दाल, मसाले, नमक, चाय काबोर्नेटेड बेवरेजेज, मिठाईयों व अन्य खाद्य पदार्थों के कुल 1298 नमूनें संग्रहित किये गये। साथ ही संग्रहित नमूनों के सापेक्ष कुल-1001 जाँच रिपोर्ट प्राप्त हुयी जिनमें 518 नमूनें मानक के अनुरूप नहीं पाये गये। नमूनों के फेल पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में अभियोजन दायर कर उन्हें दण्डित कराये जाने की व्यवस्था हैं।

# निर्जला एकादशी पर लगी मीठे शरबत की छबील



**\नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कौशांबी।थाना कौशांबी पुलिस द्वारा थाने के सामने मीठे शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान दोपहर में और भयंकर तपती गर्मी से परेशान आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया गया। थाना प्रभारी अजय कुमार शर्मा भी सेवा भाव से साथी पुलिसकर्मियों के साथ लगे रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंदूर के पौधों का रोपण एवं वितरण।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गाजियाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस एवं निर्जला एकादशी पर स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश रघुवंशी को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि गाजियाबाद विभाग के विभाग संयोजक डा प्रदीप त्यागी, विभाग सह संयोजक हरीश भाटी ने सिंदूर का पौधा सप्रेम भेंट दिया। कैलाश राघव अध्यक्ष विद्यालय समिति विनोद वीएसएनएल सेवा निवृत्त स्वयं सेवी संस्था प्रमुख यशपाल वैशाली महानगर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संयोजक और कुलदीप हरित महानगर सह-संयोजक उपस्थित रहे।


# पर्यावरण दिवस एवं एकादशी पर्व पर पी. एन. एन. मोहन पब्लिक स्कूल, वसुंधरा में विशेष आयोजन '





**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गाजियाबाद। पी. एन. एन. मोहन पब्लिक स्कूल, वसुंधरा में विश्व पर्यावरण दिवस और एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में पौधरोपण के विशेष कार्यक्रम तथा मीठा पानी पिलाने की विशेष व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नए-नए पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही एकादशी के पावन अवसर पर आमजन व स्कूली बच्चों के लिए ठंडे पानी एवं शरबत की सेवा की गई। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण व सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, प्रबंधक संगीता शर्मा, प्रधानाचार्य शशि शर्मा, एवं शिक्षकगण तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दोनों पर्वों को मिलाकर यह कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।
विद्यालय द्वारा किए गए इस सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास की सभी ने सराहना की।

# लोनी विधायक ने कहा- मोहम्मद साहब शाकाहारी थे... खाते थे लौकी और तोरई, बकरीद को लेकर कही यह बात



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
लोनी (गाजियाबाद) गुर्जर ने मोहम्मद साहब को शाकाहारी बताते हुए लौकी और तोरई खाने की बात कही है।

भाजपा के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक बार फिर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने मोहम्मद साहब को शाकाहारी बताते हुए लौकी और तोरई खाने की बात कही है।

विधायक ने पुलिस के अधिकारियों को पत्र लिखकर बकरा ईद पर पशुओं की बली ना देने की बात कही है। विधायक ने यह भी अपील की है कि बकरा ईद पर लोग केक का बकरा काट कर मनाएं। वहीं दावा किया है कि खन्ना नगर कॉलोनी में पशु कटान करने वाले को पकड़ा है।

लोनी विधायक ने दावा किया है कि मोहम्मद साहब शाकाहारी थे। वह लौकी और तोरई खाते थे। विधायक ने मोहम्मद साहब का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी बेगम से गाय, भैंस के दूध को सिफा बताया था। उनके रक्षा की बात की थी क्योंकि उन्होंने कहा था मांस से बीमारियां फैलती है।

वहीं दूसरी ओर विधायक ने गाजियाबाद पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर ईद उल अजहा के अवसर पर क्षेत्र में प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी को रोकने व कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा कि बकरीद पर क्षेत्र में प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी कर माहौल बिगाड़ने की सूचना दी थी। उनके कार्यकताओं ने बुधवार रात अंकुर विहार थाना क्षेत्र स्थित खन्ना नगर चौकी क्षेत्र में तीन गौ तस्करों को पकड़ा है। आरोप है कि ये तस्कर राशिद अली गेट से प्रतिबंधित पशु व भैंस को कुबार्नी के लिए लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रात में पुलिस चौकी प्रभारी को सूचना देने के बाद उन्होंने कार्यकताओं को डांटा और अपने अधिकारियों को भ्रामक जानकारी दी। पकड़े गए एक तस्कर ने पुलिस को पांच हजार रुपये देने के बाद प्रतिबंधित पशु को ले जाना बताया है।

# जीडीए अपनी योजनाओं में लगाएगा 82 हजार पौधे




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गाजियाबाद। जीडीए को 81,400 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। बृहस्पतिवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जीडीए वीसी ने कहा कि प्राधिकरण लक्ष्य के सापेक्ष अपने संसाधनों से 82 हजार पौधे अपनी योजनाओं में लगाएगा। इस मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने जीडीए परिसर में पौधरोपण कर संरक्षण और संवर्धन की शपथ ली।

जीडीए सचिव राजेश कुमार, मुख्य अभियंता व अन्य अधिकारियों ने भी परिसर में अशोक का पौधा लगाकर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने शपथ ली कि मैं प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी व वन्य जीव हैं की रक्षा करुंगा। वीसी ने सभी को निर्देशित किया कि पर्यावरण सुधार से जुड़े कार्यक्रम भू-जल संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्राकृतिक झीलों का सुधार, वन्य जीवों की रक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, अत्याधिक एवं सघन वृक्षारोपण, वृक्षों का कटान रोकना, ध्वनि और निर्माण कार्यों को इस प्रकार किया जाए, जिससे धूल व अन्य प्रदूषणकारी तत्वों को रोका जा सके।

# अब पुराना किला झील में नौकाविहार का लुत्फ उठा सकेंगे

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली । पुराना किला झील में वर्ष 2016 से बोटिंग की सुविधा बंद है। तब झील संरक्षण के अभाव में सूख गई थी। फिर वर्ष 2019 में झील क्षेत्र को संवारा गया। अब यहां पर्यटकों को फिर से बोटिंग का आनंद लेने का मौका मिलेगा।

ऐतिहासिक पुराना किला में अगले महीने से बोटिंग के लिए ट्रायल होने वाला है। इससे करीब 9 साल के लंबे इंतजार के बाद पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। ऐसे में पुराना किला और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में घूमने के लिए आने वाले पर्यटक नाव में सवार होकर आनंद ले सकेंगे। एक से दो महीने तक ट्रायल चलेगा। इस दौरान कोई खामियां पाई गई तो व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए नई रूपरेखा तैयार की जाएगी।

पुराना किला झील में वर्ष 2016 से बोटिंग की सुविधा बंद है। तब झील संरक्षण के अभाव में सूख गई थी। फिर वर्ष 2019 में झील क्षेत्र को संवारा गया, लेकिन अब इस ऐतिहासिक स्थल पर पर्यटकों को फिर से बोटिंग का आनंद लेने का मौका मिलेगा।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एसआई) की एडोप्ट हेरिटेज योजना के तहत एक फाउंडेशन ने गोद ले रखा है। मिली जानकारी के अनुसार पुराना किला झील में करीब 10 बोट उतारी जाएंगी। साथ ही, भविष्य में 10 और नाव जोड़ने की योजना है। इस बार बोटिंग को और सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। ट्रायल अवधि के दौरान पर्यटकों की प्रतिक्रिया और तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद है कि यह पहल दिल्ली के पर्यटन मानचित्र पर पुराना किला को और भी प्रमुखता प्रदान करेगी।

पर्यटक की मांग, जल्द शुरू हो सुविधा- झील परिसर में अस्थायी तौर पर बांस के काउंटर तैयार किए जाएंगे। नौका को लेकर डिजाइन की प्रक्रिया चल रही है। पर्यटकों का कहना है कि यदि झील में नौका विहार की सुविधा शुरू होती है तो यह अच्छा रहेगा। इससे जो पर्यटक बच्चों व परिवार के साथ आते हैं, वह नौका विहार का लुत्फ उठा सकेंगे। इससे घूमने का मजा दोगुना हो जाएगा।

# महल नहीं अब मायामहल: 30 कमरों के दो बंगले हो रहे तैयार, AAP का भाजपा पर कसा तंज, यहां रहेंगी रेखा गुप्ता



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली । दिल्ली में मुख्यंत्री रेखा गुप्ता कहां पर रहेगी। आखिरकार सरकार बनने के 100 दिन बाद सरकारी आवास का पता सामने आ गया है। आप ने दावा किया है कि राजनिवास मार्ग पर सीएम रेखा के लिए 30 कमरों के 2 बंगले अलॉट किए हैं।

राजनिवास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर राजनीति फिर गर्म हो गई है। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि सीएम रेखा गुप्ता ने इस आवास को अपने लिए आवंटित करवाया है, जबकि इसी आवास के बारे में भाजपा राजनीति कर रही थी।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल झा ने कहा कि भाजपा के नेता सादा जीवन-उच्च विचार और राष्ट्र निर्माण जैसे भाषण सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए देते हैं। सच तो यह है कि इनको गरीबों की चिंता नहीं है। भाजपा आप सरकार पर ऐश्वर्य समेत अनेक आरोप लगाती रही है।

भाजपा कहती थी कि सरकार के मुख्यमंत्री व मंत्रियों को इन सुविधाओं की जरूरत क्या है, अब दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। जब भाजपा की बारी आई तो वह तीन महीने में ही अपना व्यवहार बदल दी। भाजपा के अंदर आए इस बदलाव को दिल्ली की जनता को भी समझना चाहिए।


अनिल झा ने कहा कि शुचिता की राजनीति का दम भरने वाली भाजपा की सीएम रेखा गुप्ता को दो आलीशान बंगले आवंटित किए गए हैं। बंगले का पता 1/8 और 2/8 राजनिवास है। एक बंगले में 15 कमरे हैं। दोनों बंगले में कुल 30 कमरे हैं। दोनों बंगलों के रेनोवेशन का आदेश दिए जा चुके हैं। दोनों बंगलों में बिजली के 62 केवीए के 14 जेनरेटर लगाए जाएंगे।

अनिल झा ने कहा कि भाजपा के नेता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते थे। अब वह क्या कहेंगे। कुछ माह पहले भाजपा और उसके दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान के विद्वान विचारक खर्चे पर सवाल उठाते थे, इतना खर्च करने की जरूरत क्या थी, अब वह खुद अपनी मुख्यमंत्री के लिए 30 कमरों का माया महल तैयार कर रहे हैं। सीएम रेखा गुप्ता को भी पहले से आवंटित मकान में ही रहना चाहिए, इतना खर्च करने की क्या जरूरत है।

कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी का निमंत्रण ।

# जी7 में हिस्सा लेने जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी।





**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह इस माह कनाडा में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पहली बार टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी को यह निमंत्रण दिया। जी–7 शिखर सम्मेलन के संपर्क सत्र में शामिल होने के लिए मोदी को कार्नी से मिला निमंत्रण इस बात का संकेत है कि ओटावा एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या के बाद नयी दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में आए तनाव को दूर करने का इच्छुक है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन से एक हफ्ते पहले आए निमंत्रण को स्वीकार करने की शुक्रवार को पुष्टि की। यह शिखर सम्मेलन 15 से 17 जून तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित किया जाएगा। ऐसा समझा जाता है कि फोन पर बातचीत की पहल कनाडा की ओर से की गई थी। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात करके खुशी हुई।

मैंने उन्हें कनाडा में हाल ही में हुए चुनाव में मिली जीत के लिए बधाई दी और इस महीने कनानास्किस में होने वाले जी–7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया ह्व उन्होंने कहा, ह्वलोगों के बीच गहरे संबंधों से जुड़े दो जीवंत लोकतंत्रों के रूप में, भारत और कनाडा आपसी सम्मान और साझा हितों के मार्गदर्शन में नये उत्साह के साथ मिलकर काम करेंगे। शिखर सम्मेलन में हमारी मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं ह्व कनाडा की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी और कार्नी ने कनाडा और भारत के बीच दीर्घकालिक रिश्तों पर चर्चा की, जिसमें दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे संबंध और महत्वपूर्ण वाणिज्यिक संपर्क शामिल हैं। बयान में कहा गया है, ह्वमहत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों नेताओं में कानून प्रवर्तन वार्ता और सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा जारी रखने पर सहमति बनी ह्व इसमें कहा गया है कि कार्नी ने मोदी को अल्बर्टा के कनानास्किस में आयोजित होने वाले जी–7 शिखर सम्मेलन में शिरकत के लिए आमंत्रित किया। मोदी को निमंत्रण में देरी से जी–7 शिखर सम्मेलन में उनकी भागीदारी को लेकर अटकलें लगाई जाने लगीं। प्रधानमंत्री समूह के पिछले सभी पांच शिखर सम्मेलनों में शिरकत कर चुके हैं। बयान के अनुसार, ह्वप्रधानमंत्री कार्नी और प्रधानमंत्री मोदी ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई और इस महीने के अंत में होने वाले जी–7 शिखर सम्मेलन में मुलाकात को लेकर उत्सुकता व्यक्त की।शिखर सम्मेलन में रूस–यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों पर विचार–विमर्श होने की संभावना है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।